सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 216 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 20 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास-खबर

एसआई भर्ती परीक्षा पर एचसी का आदेशः चयनित कैंडिडेट्स को 90 दिनों में जारी करें नियुक्ति आदेश

बिलासपुर। सीजी हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा में चयनित कैंडिडेट्स को 90 दिनों में नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही प्लाटून कमांडर की भर्ती में महिला उम्मीदवारों की जगह सिर्फ पुरुष अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि, वंचित कैंडिडेट्स के लिए फिजिकल टेस्ट लेकर मैरिट आधार पर नियुक्ति आदेश जारी करें।

कोर्ट ने कहा कि, प्लाटून कमांडर के 370 महिला अभ्यर्थियों को हटाकर 370 पुरुष अभ्यर्थियों को भर्ती की जाए। 45 दिन के अंदर इस प्रक्रिया को पूरा किया जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने एसआई, प्लाटून कमांडर, सूबेदार भर्ती परीक्षा को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

बेटी को बचाने 3 भालुओं से भिड़ गया ग्रामीण

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर। भरतपुर और कोरिया वन मंडल के वनपरिक्षेत्र कोटाडोल में जंगल में तीन भालुओं ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। ग्रामीण अपने परिवार के साथ जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। इसी दौरान मादा भालू और उसके दो शावक वहां पहुंच गए। तीनों ने मिलकर ग्रामीण पर हमला कर दिया।

कोटाडोल ग्राम पंचायत का रहने वाला संतलाल सिंह, पत्नी कलावती और बेटी संजना के साथ जुर्ला नदी के पास तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। जंगल में पूरा परिवार तेंदूपत्ता तोड़ रहा था तभी अचानक मादा भालू अपने दो शावकों के साथ वहा पहुंच गयी। अचानक आमना-सामना होने पर भालुओं ने संतलाल पर हमला कर दिया। भालुओं को देखकर संतलाल की बेटी संजना ने जब मौके पर हल्ला मचाया तो शावकों ने उस पर भी हमला करने की कोशिश की। बेटी पर हमला होता देख पिता संतलाल तीनों भालुओं से भिड़ गया। भालुओं ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके सिर और हाथ पैर पर गंभीर रूप से चोट आई है। परिवार द्वारा शोर शराबा करने पर भालू भाग खड़े हुए, जिसके बाद वहां पहुंचे ग्रामीणों की मदद से संतलाल को अस्पताल पहुंचाया गया।

बंद हुई नक्सलियों की 'लगान' वसूली

दनादन एनकाउंटर से छत्तीसगढ़ में टूट गई नक्सलियों की कमर

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। सुरक्षा बलों द्वारा बस्तर के बीहड़ों में लगातार लगाए जा रहे कैम्प से ग्रामीणों का हौसला बुलंद हुआ है। कभी सलवा जुडूम में शामिल होने से इनकार करने वाले ग्रामीणों के भीतर अब इतना साहस आ गया है कि वे सरेआम नक्सलियों को अपनी वनोपज का वार्षिक हिस्सा देने से इनकार कर रहे हैं। यह हिस्सा नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों से उनके वनोपज के ऐवज में लिए जाने वाला एक तरह का लगान है। नक्सली महुआ के सीजन में प्रति घर एक पैली महुआ लेते रहे हैं। वहीं धान की फसल कटने के बाद प्रत्येक परिवार से 20 पैली धान लेते हैं। लेकिन इस बार हालात बदले हुए हैं। यह दृश्य उस गांव है, जिसे अब तक नक्सलियों का पक्षधर माना जाता था।

नक्सलियों के गढ़ सुकमा में सुरक्षाबलों द्वारा लगातार लगाए जा रहे कैंप और ऑपरेशन का परिणाम स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। जिले का एक गांव जिसे नक्सलियों के पक्ष का माना जाता था, अब वही पहला ऐसा गांव बना हैं, जहां के ग्रामीणों ने नक्सल संगठन को वनोपज का वार्षिक हिस्सा नहीं दिया है। दरअसल, सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में लगाए गए कैंप और लगातार जारी ऑपरेशन से ग्रामीणों का हौसला भी बुलंद हुआ है। मामला पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अरलमपल्ली गांव का है। गांव के एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्रति वर्ष गांव के लोगों से नक्सलियों के स्थानीय संगठन द्वारा महुआ के सीजन में प्रति घरों से एक पैली महुआ लिया जाता था। इसी तरह धान की फसल कटने के बाद प्रति परिवारों द्वारा नक्सलियों को एक खंडी जिसे 20 पैली कहा जाता है, धान भी देना होता था। तेंदूपत्ते के सीजन में ग्रामीण 20 से 50 गड्डी तेंदूपत्ते का पैसा दिया करते थे। यह पहला वर्ष है जिसमें महुआ का सीजन समाप्त हो चुका है और नक्सलियों को उनका हिस्सा नहीं दिया गया है। अरलमपल्ली वही गांव है, जहां बीते विधानसभा चुनाव से पूर्व नक्सलियों ने गांव में बने स्कूल व पुराने पंचायत भवन में चुनाव का बहिष्कार करने के नारे लिखे थे।

नहीं हुए थे सलवा जूडूम में शामिल

वर्ष 2006 में सलवा जूडूम अभियान की शुरुआत हुई थी। नक्सलियों के खिलाफशुरू हुए इस अभियान में अरलमपल्ली गांव के दो परिवारों को छोड़ दें तो कोई भी ग्रामीण इस अभियान का हिस्सा नहीं बना था। इसके बाद ग्रामीणों ने सलवा जूडूम के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर गांव के 129 घरों में आगजनी कर दी थी। इस घटना के बाद अरलमपल्ली गांव के ग्रामीणों का झुकाव नक्सल संगठन की ओर हो गया था। अरलमपल्ली गांव का पूरा इलाका सुरक्षाबलों के कैंपों से घेरा जा चुका है। दोरनापाल से जगरगुंडा मार्ग पर चिंतागुफा तक पहले से ही कई सारे कैंप मौजूद हैं। वहीं दोरनापाल से इंजरम व इंजरम से भेज्जी के बीच भी यह इलाका सीआरपीएफ, कोबरा व डीआरजी के कैंप से घिरा हुआ है। जबकि भेज्जी से चिंतागुफा के बीच कुछ समय पहले ही सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है। ऐसा माना जाता रहा है कि भेज्जी से चिंतागुफा के बीच बड़े से इलाके से नक्सली अरलमपल्ली, पालामड़गु व जग्गावारम में आया जाया करते थे। यहां कैंप लगने के बाद से हथियारबंद नक्सली अब नहीं आ पा रहे हैं।

131 दिनों में ढेर हुए 103 नक्सली

बस्तर में नक्सलियों का खात्मा करने जवान तेजी से ऑपरेशन चला रहे है। एक और बस्तर के चप्पे-चप्पे में अभियान चलाकर नक्सलियों को आम जिंदगी जीने का मौका दे रहे है। जवानों के अभियान से प्रभावित होकर बहुत से नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं दूसरी और जंगलों में जवान छिपे हुए खूंखार नक्सलियों पर भी कड़ी कार्रवाई कर रहे है। इस कार्रवाई में जवानों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। चार दशक में पहली बार जवान 131 दिनों में 103 नक्सलियों को ढेर किया है। हालांकि नक्सली संगठनों के साथ ही कई अन्य संगठन नक्सल मुठभेड़ को फर्जी बताकर इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ने भी पिछले एनकाउंटर को लेकर जांच कमेटी गठित की है। वहीं दूसरी ओर नक्सलियों ने आगामी 26 मई को बस्तर बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों की प्रवक्ता की ओर से इस आशय की प्रेस रिलीज जारी की गई है।

लगातार सर्चिंग से टूटे नक्सली

नक्सलियों का खात्मा करने जवानों ने कार्रवाई तेज कर दी है। एक तरफ जो नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते है उनके लिए पुलिस अधिकारी बस्तर के इलाकों में जा-जाकर अभियान चला रहे है। पुलिस द्वारा अभियान चलाने से नक्सली प्रेरित होकर आत्मसमर्पण कर रहे है। वहीं कुछ आतंकी जंगलों में छिपकर उत्पात मचा रहे है। इन आतंकियों के लिए जवान घने जंगलों में सर्चिंग ऑपरेशन चला रहे है। बता दें कि 100 दिनों में जवानों ने मुठभेड़ में 105 आतंकियों को मार गिराया है। पुलिस की लगातार सर्चिंग, गश्त और कैम्प के चलते नक्सली बुरी तरह टूट चुके हैं। हालांकि अब भी नक्सलियों की ओर से छुटपुट वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन भीतर जंगल से जो खबरें आ रही है, वह बताती है कि अब नक्सलियों को अपने पैर जमाए रखने में खासी दिक्कत पेश आ रही है। यही वजह है कि वे अब बस्तर से अलग ठिकाने की तलाश में है। रविवार को छत्तीसगढ़-ओड़िसा बार्डर पर हुई मुठभेड़ भी इशारा है कि अब नक्सलियों के लिए बस्तर सुरक्षित गढ़ नहीं रह गया है। कल छत्तीसगढ़ ओड़िसा बोर्डर पर हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया था। उसके गले में गोली लगी है।

विकास चाहते हैं ग्रामीण

कुछ ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि अब लोग गांव में स्कूल, अस्पताल, मछली पालन के लिए तालाब का निर्माण, भूमि समतलीकरण, सोलर पंप, वन भूमि का पट्टा, सामुदायिक भवन व बेहतर आवागमन के लिए पक्की सड़क चाहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार हिस्सा नहीं दिया गया है जो ग्रामीणों के लिए अच्छा है। गांव का विकास होगा तो ग्रामीणों के लिए और बेहतर होगा। गौरतलब है कि समूचे बस्तर में फोर्स के जवानों का मनोबल भी इस वक्त काफी ऊंचा है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में बीते महीने 16 तारीख को हुई मुठभेड़ में जवानों ने 29 नक्सलियों को जब मार गिराया तो इसे फोर्स की सबसे बड़ी सफलता बताया गया। नारायणपुर जिले में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में भी जवानों ने बेहद सुनियोजित तरीके से 10 नक्सलियों को मारा। बीते चार महीने में फोर्स ने अलग-अलग मुठभेड़ में 91 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जो यह बताता है कि फोर्स अब बस्तर में गियर बदल चुकी है। पिछले चार दशक में ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। बीते अप्रैल के महीने में ही 50 नक्सली मारे गए हैं।

सवारियों भरा ऑटो नाले में पलटा, बच्ची की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के पचेड़ा से नरदाह के बीच निर्माणाधीन सड़क के किनारे नाले में सवारियों से भरा ऑटो पलट गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 6 से 7 लोग घायल हो गए। वहीं एक 12 साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने 5 घायलों को इलाज के निजी अस्पताल भिजवाया। इनमे से 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। हादसा किस वजह से हुआ, इसकी भी पड़ताल की जा रही है।

नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में दावा किया गया है कि नए आपराधिक कानूनों में कई विसंगतियां हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की अवकाश पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफवकील विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से रोक की मांग की गई है। आरोप है कि इन कानूनों पर संसद में बहस नहीं हुई और जब विपक्षी सांसद निलंबित थे, तब इन कानूनों को संसद से पास करा लिया गया था। याचिका में मांग की गई है कि विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए, जो आपराधिक कानूनों की व्यावहारिकता की जांच करे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं और इससे देश में पुलिस का राज स्थापित हो जाएगा। ये कानून देश के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। ये कानून अंग्रेजी कानूनों से भी ज्यादा कठोर हैं। पुराने कानूनों में किसी व्यक्ति को 15 दिनों तक पुलिस हिरासत में रखने का प्रावधान है, लेकिन नए कानूनों में यह सीमा बढ़ाकर 90 दिन कर दी गई है।

संसद की सुरक्षा का जिम्मा अब सीआईएसएफ के हवाले

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रतीक संसद भवन की सुरक्षा सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले होगी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 1,400 कर्मचारियों के हटने के बाद सीआईएसएफ के 3,317 से अधिक कर्मी आतंकवाद रोधी और अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी पूरी तरह अपने हाथ में ले लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीआईएसएफ कर्मी पुराने और नए संसद भवन के अलावा परिसर में स्थित संबंधित ढांचों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसकी आतंकवाद रोधी सुरक्षा इकाई 20 मई को सुबह छह बजे से परिसर का पूरा प्रभार संभाल लेगी। सीआरपीएफ के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को ही परिसर से अपना पूरा प्रशासनिक और अभियानगत अमला यानी वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया था। सीआरपीएफ के कमांडर एवं उपमहानिरीक्षक रैंक के अधिकारी भी अपनी सभी सुरक्षा जिम्मेदारियां सीआईएसएफ को सौंप चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के 11 पूर्व कांग्रेसियों को सैलजा ने भिजवाया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। छत्तीसगगढ़ के 11 पूर्व कांग्रेसी नेताओं को पूर्व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने कानूनी नोटिस भिजवाया है। दरअसल सैलजा पर इन 11 पूर्व कांग्रेसी नेताओं के द्वारा गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पर सैलजा ने कहा था कि कांग्रेसी के 11 पूर्व नेता दो दिनों में माफी मांगे, माफी नहीं मांगने पर उन पर कानूनी कार्यवाही की बात कही खी। जानाकारी के मुताबिक अब भाजपा में शामिल हो चुके ये सभी पूर्व कांग्रेसी फिलहाल हरियाणा के सिरसा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए गए हुए हैं, जहां से कांग्रेस कुमारी सैलजा को प्रत्याशी बनाया है।

गौरतलब है कि बीते दिनों इन पूर्व कांग्रेसियों ने प्रेस कांफ्रेंस कर कुमारी सैलजा पर गम्भीर आरोप लगाए थे। इन नेताओं ने छत्तीसगढ़ के शराब और कोयला घोटाले में कुमारी सैलजा के शामिल होने का दावा किया था। इस पर मामले पर बीजेपी के नेता चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा हैं कि छत्तीसगढ़ में उन्होंने भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर काम किया। हम सभी लोग कुमारी सैलजा के सताए हुए हैं। वहीं भ्रष्टाचार पर कांग्रेस के नेताओं को चुप रहने कहा था। उन्होंने इस दौरान कहा कि कुमारी सैलजा के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं को कांग्रेस पार्टी से निलंबित कर दिए गए। इसकी साथ ही बीजेपी नेताओं ने सैलजा पर छत्तीसगढ़ में टिकट वितरण के सन्दर्भ में भी पैसे लेने का गंभीर आरोप लगाया हैं।

बता दें कि कुमारी सैलजा को कांग्रेस ने सिरसा लोकसभा सीट से प्रत्याशी के चुना है। वहीं भाजपा ने सिरसा से प्रत्याशी अशोक तंवर को बनाया है। कुमारी सैलजा को कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा में एक व्यापक रणनीति के तहत कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए 11 नेताओं को सैलजा के खिलाफ चुनाव प्रचार करने का जिम्मा सौंपा था। इसमें प्रमोद शर्मा, शिशुपाल सोरी, चंद्रशेखर शुक्ला, चौलेश्वर चंद्राकर, आलोक पाण्डेय, अरुण सिंह, वाणी राव साथ ही अजय बंसल, उषा पटेल, तुलसी साहू और अनिता रावटे शामिल है।

हेलीकॉप्टर क्रैश में ईरान के राष्ट्रपति रईसी समेत सभी सवारों की मौत

तेहरान (एजेंसी)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी नहीं रहे। खबर है कि हेलीकॉप्टर क्रैश में रईसी और ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुलहियान की मौत हो गई है। ईरान सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इस घटना की पुष्टि कर दी गई है। रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें ईरान के कई अन्य अधिकारी भी सवार थे।

अधिकारियों ने बताया है, 'राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री और हेलीकॉप्टर में सवार सभी अधिकारियों की क्रैश में मौत हो गई है।' रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की तरफसे भी मौत की पुष्टि कर दी गई है। इससे पहले रॉयटर्स को ईरान के एक अधिकारी ने बताया था कि रईसी और अब्दुलहियान को ले जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बाद बुरी तरह जल गया था।

खबर है कि रईसी समेत अन्य अधिकारी अमेरिका में बने Bell 212 हेलीकॉप्टर में यात्रा कर रहे थे। हाल ही में ईरान के रेड क्रीसेंट के प्रमुख पीर हुसैन कोलिवैंड ने बताया था, 'क्रैश साइट का पता चलने के बाद हेलीकॉप्टर के यात्रियों में से किसी के भी जीवन के संकेत नहीं मिले हैं।' कहा जा रहा है कि घटनास्थल बेहद दुर्गम घाटी में मौजूद है, जहां बचाव दल को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा, 'ईरान के इस्लामिक गणतंत्र के राष्ट्रपति डॉक्टर सैयद इब्राहिम रईसी के निधन की खबर सुनकर सदमा लगा है। भारत और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान की जनता के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस दुख की घड़ी में भारत, ईरान के साथ खड़ा है।'

प्रेम और नफरत का ओवरडोज

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

प्रेम और नफरत दोनों ही भावनाएं जीवन को प्रभावित करती हैं। कोई लाख दावा करे कि वह इन भावनाओं से परे हो गया है और संतत्व को प्राप्त कर चुका है, पर इतिहास बताता है कि ऐसा कुछ भी नहीं होता। पौराणिक गाथाएं भी बताती हैं कि ईश्वरत्व को प्राप्त हो चुके महात्मा भी कुपित होते रहे हैं। उनके श्राप से पौराणिक काल में भी कई घटनाएं बनती-बिगड़ती रही हैं। इसलिए यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं कि जब तक इंसान इस धरती पर है - प्रेम और नफ़रत का भाव भी बना रहेगा। आज हम बात कर रहे हैं प्रेम की। प्रेम को परिभाषित करना कठिन है। विस्तारित रूप में प्रेम बेहद व्यापक है। यह हमें प्रकृति से भी हो सकता है। ऐसे सैकड़ों किस्से हम सभी ने सुन रखे है जिसमें लोगों ने प्रकृति के प्रति अपने प्रेम का इजहार ऐसे-ऐसे रूपों में किया कि लोग दांतों तले उंगलियां दबाने के लिए विवश हो गए। पर मोटी समझ में प्रेम दो मनुष्यों के बीच होता है। स्त्री और पुरुष का एक दूसरे के प्रति आकर्षण नैसर्गिक होता है। एक खास उम्र में यह भावना बहुत जोर मारती है। इसे आकर्षण भी कह सकते हैं और आसक्ति भी। बहुधा यह हिन्दी फिल्मों से प्रभावित होती है। इसमें हीरो-हिरोइन के बीच आकर्षण होता है, फिर नाच-गाना होता है और अंत में दोनों का मिलन हो जाता है। फिल्म तो यहीं आकर खत्म हो जाती है पर जिन्दगी के थपेड़ों की शुरुआत यहीं से होती है। छत्तीसगढ़ से एक ऐसी ही घटना सामने आई है। बिलासपुर जिले के अमाली गांव में एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर को कुल्हाड़ी से काट डाला। 24 वर्षीय युवक और 22 वर्षीय युवती के बीच काफी समय से प्रेम संबंध था। घर वालों ने विवाह के लिए इजाजत नहीं दी तो दोनों लिव-इन में रहने लगे। युवती ने इसके बाद विवाह के लिए दबाव बनाना शुरू किया। रोज-रोज की इस झिक-झिक और किच-किच से तंग आकर युवक ने उसकी हत्या कर दी और खुद ही थाने जा पहुंचा। उसे इस बात का कोई इल्म नहीं था कि प्रेम संबंधों के परवान चढ़ने के बाद क्या-क्या करना होता है। इसके आगे गृहस्थी शुरू होती है। गृहस्थी की अपनी जरूरतें होती हैं, सामाजिक मान्यताएं होती हैं। भविष्य को लेकर चिंताएं होती हैं। एक युवती के लिए सिर्फ साथ-साथ रहना ही काफी नहीं होता। वह चार दीवारों के कमरे को घर बनाना चाहती है। वह अपनी संतान को जन्म देना चाहती है, उसे पिता का नाम देना चाहती है। यह सब लिव इन में संभव नहीं होता। इसीलिए लिव-इन के अधिकांश मामलों में दबाव वही बनाती है। पुरुष उसकी इन गूढ़ भावनाओं को समझने में अकसर विफल हो जाता है। यहीं से तनाव, झगड़े, दोषारोपण की शुरुआत होती है। आगे चलकर ये घटनाएं हिंसक हो जाती हैं और उनके दुष्परिणाम सामने आ जाते हैं। प्रेम गली अति सांकरी।।।

संपादकीय

टीके का दुष्प्रभाव

वैसे जब वैक्सीन का आगमन हुआ था, तब भी यह स्पष्ट था कि इसके दुष्प्रभाव या साइड इफेक्ट हो सकते हैं। कोई भी टीका इतनी जल्दी नहीं बनता है, पर कोरोना महामारी ऐसी बड़ी आपदा थी कि आनन-फानन में टीकों का आविष्कार हुआ, उन्हें सतर्कता के साथ मंजूरी मिली। एक समय था, जब दुनिया में एक बड़ी आबादी टीके मांग रही थी और आज टीकों के दुष्प्रभाव जानने को उत्सुक है। इसी कड़ी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं ने अपने एक साल के अध्ययन में पाया है कि टीका लेने वाले एक तिहाई लोगों को कुछ न कुछ समस्याएं हुई हैं। अब प्रिरंगर नेचर जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की चर्चा विश्व स्तर पर हो रही है, तो स्वाभाविक है।

> को-वैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के शोध पर चर्चा आसानी से शांत नहीं होने वाली है। वास्तव में दुनिया के अनेक इलाकों में कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच-पड़ताल चल रही है। दुष्प्रभावों की चर्चा करने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि वैक्सीन ने अधिकतम कारगरता के साथ कार्य किया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों की जान बची है, पर यह भी खास पहलू है कि किसी भी दवा के दुष्प्रभाव लोगों का ध्यान ज्यादा खींचते हैं।

ध्यान रहे, को-वैक्सीन की निर्माता भारत बायाटेक ने शोध को अपर्याप्त बताया है। वैसे ध्यान देने की बात है कि शोध में 926 लोग शामिल रहे हैं, क्या इतनी संख्या पर्याप्त है? क्या ज्यादा बड़े पैमाने पर शोध संभव है? क्या हमारे शिक्षा या शोध संस्थानों के पास इतने संसाधन हैं कि वे बड़े पैमाने पर शोध कर सकें? बेशक, ऐसे शोध के लिए योग्यता के साथ ही साहस की जरूरत होती है और बीएचयू ने यह साहस दिखाकर प्रशंसनीय कार्य किया है। बीएचयू से देश के दूसरे विश्वविद्यालयों को प्रेरणा लेनी चाहिए, इस प्रकार के न जाने कितने हजार कारगर व चर्चित शोधों की इस देश को जरूरत है। ऐसे शोध भारतीय शिक्षा संस्थानों की उपयोगिता में चार चांद लगा सकते हैं। खैर, आज के समय में सबसे बड़ी चिंता यह है कि वैक्सीन की वजह से स्ट्रोक की समस्या बढ़ी है, वैक्सीन ने हृदय को मुश्किल में डाल दिया है। बीएचयू के शोध में लगभग एक प्रतिशत लोगों ने स्ट्रोक और गुइलेन-बैरी सिंड्रोम सहित गंभीर दुष्प्रभावों की सूचना दी थी। टीका लेने के बाद किशोरों में त्वचा विकार, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र विकार आम पाए गए हैं। गुइलेन-बैरी सिंड्रोम एक ऑटोइम्यून विकार है, जो हाथ और पैरों की नसों में कमजोरी का कारण बनता है। इस दिशा में ज्यादा पड़ताल जरूरी है।

कुल 635 किशोरों और 291 वयस्कों पर हुए शोध में सामने आई शिकायतें महत्वपूर्ण हैं, जिन पर आगे और अध्ययन होना चाहिए। मोटे तौर किशोरों में त्वचा संबंधी विकार (10.5 प्रतिशत), सामान्य विकार (10.2 प्रतिशत) और तंत्रिका तंत्र विकार (4.7 प्रतिशत) आम दुष्प्रभाव थे। किसी ठोस चिकित्सकीय निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए इन दुष्प्रभावों के ज्यादा गहरे अध्ययन की जरूरत है? क्या कोई ऐसी दवा है, जिसका कोई दुष्प्रभाव न होता हो? अध्ययन अपनी जगह है और लोगों के बीच सावधानी व जागरूकता का विस्तार बुनियादी जरूरत है। जहां तक वैक्सीन का सवाल है, तो आगे वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि क्या वाकई सिर्फ वैक्सीन की वजह से एक तिहाई लोगों के शरीर में कोई न कोई दुष्प्रभाव हुआ है? लगातार शोध जरूरी है, ताकि दवाएं और टीके दुष्प्रभाव रहित हो जाएं।

नजरिया

बच्चों के आत्मघाती कदम से कब मिलेगी मुक्ति

छात्र-छात्राओं में बढ़ती हुई आत्मघात की प्रवृत्ति सामयिक चिंता का विषय है। विगत कुछ वर्षों में विद्यार्थियों द्वारा आत्मघात की संख्या में क्रमशः हो रही वृद्धि निश्चित ही मानवीय समाज के लिए अलार्मिंग मानी जानी चाहिए। आत्मघात की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे कोई एक कारण उत्तरदाई नहीं है।

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

विभिन्न तरह की अवसाद की स्थिति के चलते आत्मघातों की संख्या के आधार पर उनके निराकरण के प्रयास बुद्धिजीवी वर्ग को करने होंगे। प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली खबरों के आधार पर कहा जा सकता है कि आत्मघात के कारणों में व्यक्तिगत, पारिवारिक, शैक्षणिक, सामाजिक, शासकीय, नीतिगत तथा आर्थिक कारण अपना नकारात्मक प्रभाव दिखा रहे हैं। पृथक-पृथक कारणों से स्वयं को माता-पिता अथवा वर्तमान समय की अपेक्षाओं के अनुसार सफल न होने के भय से कुंठा तथा हीन भावना अंततोगत्वा विद्यार्थियों के दिलों-दिमाग में अवसाद के रूप में गहरी पैठ बना रही हैं। खुद पर विश्वास न रखने के कारण अंततः मानवीय समाज को अपने बेटे-बेटियों को खोना पड़ रहा है। अभी छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के उपरांत आत्मघात की कुछ घटनाओं ने मुझे झकझोर दिया है। मैने अपने जीवन के लगभग चार दशक अध्यापन कार्य में गुजारे हैं। इस तरह की घटनाएं पहले नगण्य थीं, किंतु अब दिल-दहलाने तक पहुंच गई हैं।

विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं के पीछे मैंने जो अनुभव किया उसमें सबसे पहले पढ़ाई का लक्ष्य पूरा न हो पाने के कारण जागृत असफलता का भाव, अपने सह-पाठियों से प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाना, मुझे दिखाई पड़ रहा है। साथ ही किसी विषय विशेष में स्वयं को कमजोर पाने पर अवचेतन में निर्मित भय और हीनता का भाव दुःखद परिणाम तक ले जा रहा है। हम यह जानते हैं कि विद्यार्थियों का मन अत्यंत कोमल होता है। साथ ही संवेदनशीलता भी अत्यधिक होती है। उनके किसी कार्य के प्रति, प्रतिकूल टिप्पणी या डांट-फटकार से उत्पन्न तनाव उन्हें अपराध बोध की जंजीरों में जकड़ लेता है। इस संदर्भ में एक कारक इस रूप में भी सामने आता रहा है-कि समृद्ध परिवार द्वारा अपने बच्चों को जरूरत से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी अभावों में रहते हैं। इन दोनो ही स्थितियों में उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ विकास नहीं हो पा रहा है। इसी कारण वैचारिक असंतुलन की स्थिति निर्मित हो रही है । दूसरी बड़ी बात यह भी है कि विद्यार्थी अपनी क्षमताओं का आंकलन नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि उनके अंदर स्व-निर्णय की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा है । यह भी देखने में आ रहा है कि विद्यार्थियों में बिना अपेक्षित प्रयास, परिश्रम तथा योग्यता के शीघ्र ही सफल होने की महत्वाकांक्षा, सफलता न मिलने पर नैराश्य की स्थिति पैदा कर रही है।

वर्तमान के भौतिकवादी परिवेश में विकसित नकारात्मक सोच के कारण कठिनाई एवं समस्याओं का सामना करने का साहस भी विद्यार्थियों में घर कर गया है। इसके अलावा धैर्य तथा सहनशीलता की कमी के कारण परिस्थितियों से सामंजस न बैठा पाना भी आत्मघाती हो रहा है। सूचना एवं संचार क्रांति के इस युग में युवा पीढ़ी की सोशल मीडिया में अत्यधिक सक्रियता और इंटरनेट आदि के विवेक हीन प्रयोग के कारण अपेक्षित गंभीरता का अभाव परिलक्षित है । एक सच्चाई जिसे लिखना मेरे लिए उचित प्रतीत नहीं हो रहा है , किंतु किशोरावस्था को सचेत करने कहना पड़ रहा है कि युवा विद्यार्थियों में अध्ययन के अतिरिक्त प्रणय- प्रसंगों में आबद्धता इस कदर भूत बनकर सवार है कि उन्हें इसके अलावा सब बेकार नजर आता है । प्रणय- प्रसंग में असफल हो जाने पर उद्वेलित होकर उनके द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जा रहे हैं। जहां तक मैं समझता हूं इस मामले में 'गुड पेरेंटिंग' अच्छे परिणाम दे सकती है। वर्तमान भाग-दौड़ वाली जिंदगी में माता-पिता दोनों सेवारत होने के कारण घर पर बच्चों के साथ समय नही बिता पा रहे हैं। उनके अंतर्मन में चल रही द्वंदता को दूर करने की पालकों की कमी भी इसके लिए जवाबदार ठहराई जा सकती है। इसे नकारा नहीं जा सकता है कि हमारी सामाजिक संरचना में परिवार एक महत्वपूर्ण इकाई है। संयुक्त परिवारों का विघटन तथा एकल परिवारों का प्रचलन और इससे उत्पन्न वातावरण का प्रभाव बच्चों पर नकारात्मक रूप से असर दिखा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि माता-पिता एवं संतान के बीच संवाद हीनता के कारण बच्चा अपने मन की बात या समस्या अन्य के साथ साझा नहीं कर पा रहा है। यह एक बड़ा कारण है जो बच्चों को गलत मार्ग में जाने विवश कर रहा हैं।

बच्चों में बढ़ रहे आत्मघाती विचार के लिए काफी हद तक पालक जिम्मेदार ठहराए जा सकते हैं। बच्चों की रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने की स्वतंत्रता न मिलना भी अहम कारण है। परिजनों द्वारा अपने नजरिए से पाठ्यक्रम-विषय का चयन किया जा रहा है। रुचि के विपरीत अभिभावकों के दबाव के कारण बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा को प्रकट करने का असर समाप्त किया जा रहा है। यही कारण है कि दबाव पूर्वक लिए गए विषय में असफल होने पर उनके अंदर कुंठित भावना पैदा हो रही है। साथ ही बच्चों की दिनचर्या पर अभिभावकों का ध्यान लगभग शून्य है। अव्यवस्थित दिनचर्या बच्चों के प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है। एक और कारण जो मुझे नजर आता है, वह है पालकों द्वारा बच्चे की इच्छा के बगैर अध्ययन-कोचिंग हेतु घर से दूर भेज देना। इस स्थिति के चलते बच्चों में 'होम सिकनेस' की समस्या पैदा हो रही है। वे माता-पिता से डर के कारण अपने मन की बात उनसे नहीं कह पाते हैं, और न ही वापस आ पाते हैं। इसका नकारात्मक परिणाम अकेलेपन के कारण अवसाद के रूप में सामने आ रहा है। आज के अभिभावक के मन में यह विचार स्थाई रूप से बैठ चुका है कि उन्होंने अपने जीवन में जो प्राप्त नहीं कर पाया, वे अपने उन सपनों को बच्चों से पूरा कराना चाहते हैं। इसी तरह की थोपी गई इच्छा के कारण बच्चे तनाव में आकर कुंठाग्रस्त हो रहे हैं।

आत्मघाती निर्णय की जब हम बात कर रहे हैं तब राजस्थान के कोटा शहर की बात न आए, यह नहीं हो सकता। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के उद्देश्य से कोटा में कोचिंग करने वाले प्रतिभावनों की बात करूं तो पैरों के नीचे धरती हिलती नजर आती है। वर्ष 2023 के शुरुआती महीनों में ही कोटा में लगभग 20 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। हम यदि विश्व स्तर के मामलों को छोड़कर केवल भारतवर्ष की बात करें तो एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2021 में भारतवर्ष में 13 हजार से अधिक बच्चों ने मौत को गले लगा लिया। मैं यदि इन आंकड़ों के आधार पर प्रतिदिन की मौत का औसत आंकलन करूं तो यह 35 छात्र के रूप में प्राप्त होता है, अर्थात प्रतिदिन एक से अधिक बच्चे ने हमें विचलित किया है। माता-पिता की थोपी गई इच्छाशक्ति के चलते शायद हमें जल्द ही इन आत्मघाती विचारों से मुक्ति नहीं मिलने वाली है।

(ये लेखक के विचार हैं)

अब लोगों का विश्वास जीतकर आगे बढ़ेंगे

एसबी चव्हाण, तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री

जम्मू-कश्मीर ने दहशत की खाई से मतदान की ऊंचाई तक लंबा सफर तय किया है। एक समय था, जब वहां चुनाव कराना आसान नहीं था। उसी दौर में लोकसभा में 22 अगस्त, 1995 को लंबी बहस हुई थी, जो आज के बदले हालात में उन सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए, जिन्होंने इस चर्चा में भाग लिया और बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके बारे में हम बाद में विचार करेंगे कि वे कहां तक व्यावहारिक होंगे।

यह कहने में कोई इनकार नहीं है कि अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग दबाव एवं जोर जबर्दस्ती में काम कर रहे हैं। वहां बंदूक का डर है, बंदूक की नोक पर किसी विशेष परियोजना पर धन व्यय किया जा रहा है। मुझे इसमें भी कोई आश्चर्य नहीं होगा, यदि उन्हें अपने धन का दस प्रतिशत, बीस प्रतिशत या तीस प्रतिशत देने को कहा जाता होगा। इस डर के कारण ही संभवतः वे अपना कर्तव्य पालन सही प्रकार से नहीं कर पा रहे हैं। यद्यपि दिल से वे उसे करना चाहते हैं, किंतु कदाचित बंदूक की नोक पर उन्हें ऐसा करने से रोका जा रहा है। अतः हमें वातावरण तैयार करना होगा। उन्होंने हड़ताल का आवाहन किया था और वह पूरी तरह सफल रही, उनमें इससे पहले ऐसा साहस कभी न था। यह तथ्य बहुत ही महत्वपूर्ण है कि हुर्रियत के लोगों ने भी हड़ताल का आवाहन किया है। इससे स्पष्टतः पता चलता है कि आंदोलन उनके काबू से बाहर हो गया है, अब इसका नियंत्रण स्थानीय उग्रवादियों द्वारा नहीं किया जा रहा है, अपितु ये विदेशी टट्टू हैं, जो वास्तव में समग्र स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं और मेरे विचार से उन पर दया दिखाने की कोई जरूरत नहीं है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि इस प्रयोजन के लिए सरकार को हर प्रकार का सहयोग मिलेगा।

सर्वप्रथम तो हमें यह करना होगा, जिससे वहां यथासंभव सामान्य स्थिति बन सके। हम लोगों को पूरी तरह से स्पष्ट होना चाहिए। मैं सभा को विश्वास में लेना चाहूंगा। यदि लोग सोचते हैं कि हम यह हिंसा रोक सकते हैं और चुनाव करवा सकते हैं, तो ऐसा नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान इस स्थिति को पैदा करने में लगा हुआ है कि हम चुनाव न करवा पाएं। पाकिस्तान ने इन सभी आतंकवादी संगठनों को यही हिदायत दी है और निश्चित ही हम पाकिस्तान पर अनुग्रह नहीं करना चाहते हैं। वस्तुतः इस तरह के खतरों के रहते हम चाहते हैं कि चुनाव कराए जाएं, मतदान की प्रतिशतता कम होगी, किंतु यही एक समाधान है। मैं नहीं समझता कि कोई भी अन्य समाधान अंतिम समाधान हो सकता है। यदि एक समाधान है, तो वह यही है, जिसमें हम घाटी, जम्मू क्षेत्र और लद्दाख क्षेत्र में कोई भेदभाव किए बिना कश्मीर के लोगों को विश्वास में ले सकते हैं।

संविधान का अनुच्छेद 370 हर समय कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं कर सकता है। मैंने सरकार की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दी है कि हम इस अनुच्छेद 370 को तब तक नहीं हटाएंगे, जब तक कि कश्मीर के लोग यह नहीं कहते कि वे इस अनुच्छेद 370 को नहीं चाहते और इसे हटा दिया जाए। तब तक यदि हम अनुच्छेद 370 पर एकपक्षीय निर्णय लेते हैं, तो हम व्यर्थ ही उन लोगों को एक और अवसर देंगे, जो उस क्षेत्र के लोगों को गुमराह करना चाहते हैं। मुझे विश्वास है कि उन्हें अधिक अवसर प्राप्त होंगे और वे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में पूर्णतः भाग लेंगे। वे भारत के विरुद्ध कभी नहीं थे और दूसरी ओर, पंडित नेहरू ने ठीक ही कहा था कि कश्मीर हमारी धर्मनिरपेक्ष राजनीति का प्रतीक है और यदि किसी भी हालत में कश्मीर को पृथक करना पड़ता है, तो इस देश में धर्मनिरपेक्षता के बारे में बात करने का हमें कोई अधिकार नहीं है। हम कश्मीर को भारत से कभी जुदा न होने देंगे और इस सभा के सभी सदस्यों से हमारा यह वादा है। इस सभा के माध्यम से हम पूरे देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग है और इस मामले पर कोई समझौता नहीं हो सकता है। चाहे कोई भी प्राधिकारी सही या गलत रूप से यह कहने की चेष्टा करे, किंतु भारत सरकार निश्चित रूप से इसका शिकार नहीं होगी।

(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रख्यात व सार्वजनिक हस्तियों को जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के अनुसार, विज्ञापनदाताओं से स्वघोषणापत्र हासिल किया जाए। इस कानून का नियम 7 विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। ये विज्ञापन निषिद्ध किए जा चुके हैं।

पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को भी इन भ्रामक विज्ञापनों व केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा। प्रचार व विज्ञापन उपभोक्ता को प्रभावित करने में महती भूमिका निभाते हैं। उस पर जब यह किसी प्रख्यात या सार्वजनिक शख्सियत द्वारा किया जा रहा हो तो आम जनता को खास तौर पर प्रभावित करता है। इस मामले में तो कोविड टीकाकरण व आधुनिक चिकित्सा पप्राली को सीधा निशाना बनाया गया था जिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई चल रही है।

इसमें संदेह नहीं कि लाभ के लोभ में कंपनियां भ्रामक प्रचार द्वारा सालों-साल जनता को बरगलाती रहती हैं। संबंधित मंत्रालय व विभाग इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से मुंह फेर लेते हैं। निराधार दावों, अतिरंजित बातों, छद्म दावों व अनुचित सूचना वाले तथा असुरक्षित उत्पादों से उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे तमाम विज्ञापन अभी भी बेधड़क प्रकाशित/प्रचारित हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, युवाओं को दिग्भ्रमित व बुजुगरे को भ्रमित कर रहे हैं।

नियमों की अवहेलना करते हुए नामदार शख्सियत धन के लोभ में इनका बेतहाशा प्रचार करती हैं जिनके आधार पर कहना ज्यादती नहीं होगा कि वे उपभोक्ताओं के अधिकारों को तरजीह देने को राजी नहीं। ऐसा सिर्फ इसीलिए हो रहा है क्योंकि समूची व्यवस्था अपनी जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरतती है। बात अकेले पतंजलि की नहीं है। इसे उदाहरण मान कर संबंधित मंत्रालयों व विभागों को सतर्क हो जाना चाहिए। न कि एक-एक विज्ञापन को लेकर अदालतों का दरवाजा खटखटाने वालों के इंतजार में बैठे रहना चाहिए।

असंगठित क्षेत्र में आधी आबादी की बड़ी हिस्सेदारी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागड़ोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दो राय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर है। बहुत बड़े वर्ग की रोजी रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। हांलाकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रुप दिया जाता रहा है। खैर बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबलें महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है।

गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रुप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किये गये हैं।

अब देश दुनिया में श्रमिक आंदोलन का समय तो करीब-करीब समाप्त ही हो चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी व सामाजिक संगठनों को आगे आते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बनना होगा। अब तो चूंकि असंगठित क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला श्रमिक अधिक है तो फिर और भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। इसके साथ ही महिलाओं की समस्याओं को भी समझना होगा। सरकार को भी इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समधान के लिए फोकस करना ही होगा।

(ये लेखक के विचार हैं)

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE 93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

पांच माह में अपराध में आई कमी

राजनांदगांव। विगत 05 माह में राजनांदगांव पुलिस की नशीले पदार्थो की लगातार धरपकड़ के कारण अपराधों में आयी कमी। दिनांक 01.12.2023 से 18.05.2024 तक की स्थित में। अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी/विदेशी शराब कीमती 1222536/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 04 नग, 17 नग मोटरसायकल जप्त। अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 09 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500/- एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 ट्रक, 02 कार एवं 04 मोटरसायकल जप्त। जुआ के 12 प्रकरण में 61 आरोपियों से 193420/- रूपये जप्त। सट्टा के 49 प्रकरण में 52 आरोपियों से 52575/- रूपये एवं लाखों के सट्टापट्टी जप्त। नशीले पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही के वजह से विभिन्न अपराधों में कमी आयी है। एस.पी. राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत् अवैध शराब, गांजा व नशीले पदार्थो तथा जुआ सट्टा पर की धरपकड़ कार्यवाही किया गया । विगत 05 माह दिनांक 01.12.2023 से 18.05.2024 तक की स्थित में अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी/विदेशी शराब कीमती 1222536/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 04 नग, 17 नग मोटरसायकल जप्त किया गया इसी प्रकार अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 09 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500/- एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 ट्रक, 02 कार एवं 04 मोटरसायकल जप्त किया गया। नशीले पदार्थो के विरूद्ध राजनांदगांव पुलिस की लगातार कार्यवाही जैसे आबकारी एक्ट 34(1) के मामले में 02 प्रतिशत वृद्धि हुई है और आबकारी एक्ट 34(2) के मामले में 61 प्रतिशत वृद्धि हुई है इस वजह से विभिन्न अपराधों में कमी आयी है जैसे - मारपीट के मामलों में 06 प्रतिशत, चाकूबाजी के मामलों में 45 प्रतिशत, हत्या के प्रयास मामलों में 82 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 17 प्रतिशत, सड़क दुर्घटना में 16 प्रतिशत, छेड़छाड़ के मामलों में 22 प्रतिशत एवं बलातकार के मामलों में 53 प्रतिशत की कमी हुई है।

सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़। रायगढ़ एवं सारंगढ़ - बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए शुरू होने वाले सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का 13 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण 20 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं।

शालीमार एक्सप्रेस हादसाः सीएसपीडीसीएल के ड्रीलर का हेड लगने से एसी कोच के कांच टूटे

एक घायल को रेलवे ने दी 50 हजार की राशि, एमएम नारायणा में चल रहा दो यात्रियों का इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस हादसे को लेकर रेलवे ने हादसे का कारण बताया है। रविवार रात को रेलवे द्वारा अधिकृत बयान जारी कर बताया गया कि गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के ड्रिलिंग मशीन के ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच की खिड़कियों कांच टूटने की घटना हुई। रेलवे का एक भी पोल नहीं गिरा। तीन घायल यात्रियों में से एक यात्री को उपचार उपरांत घर भेजा गया दो यात्रियों नारायण हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं एक घायल को रेलवे द्वारा 50 हजार रुपए की सहायता राशि भी दी गई।

रेल मंडल रायपुर से मिली जानकारी के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में उरकुरा स्टेशन से गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस गुजर रही थी। घटना स्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाये बिना ड्रिलिंग मशीन से रेलवे लाइन के नीचे ड्रिलिंग किया जा रहा था उसी समय ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच बी-4,बी-5,बी-6 के खिड़कियों के कांच टूटने की घटना हुई। इस हादसे में ट्रेन में चलने वाले ओबीएचएस (सफाई कर्मी) स्टाफ नारायण चंद बाग (30) व एक अन्य यात्री देवारी लाल धीवर (30) चोट आई। देवारी लाल को गंभीर चोट लगी। इन दोनों को नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

12 साल के बच्चे की आंख के पाई आई चोट

इस हादसे में 12 साल का बच्चा अपने परिवार के साथ खड़गपुर से एलटीटी की यात्रा कर रहा था उसकी आंख के पास चोट आई। इन्हें उपचार के उपरांत परिवार सहित विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए रेलवे द्वारा टिकट की व्यवस्था कर भेजा गया। रायपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के 5 मिनट के अंदर डॉक्टर एवं एंबुलेंस की टीम पहुंच गई एवं यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया और घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत बेहतर है।

घटना के बाद तत्काल पहुंचे डीआरएम

घटना की जानकारी लगते ही रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आरके साहू, रायपुर स्टेशन पर पहुंचे। 10.20 बजे शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के रायपुर पहुचते ही स्टेशन पर कार्यरत सभी कर्मचारी वाणिज्य निरीक्षक, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान तत्परता के साथ यात्रियों की देखभाल में लग गए। घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया एवं अन्य सभी यात्रियों की सरंक्षा की पुष्टि के उपरांत 11:40 बजे रायपुर स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

दोषियों के खिलाफ आरपीएफने दर्ज किया मामला

घायल यात्रियां को अस्पताल पहुंचाने के बाद सरंक्षा एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई। CSPDCL के अधिकारियों ने यह माना की घटना स्थल पर निर्धारित मानकों को अनदेखा कर ठेकेदार द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा था। घटना की विस्तृत जानकारी पूरी जांच होने के बाद दी जाएगी।

डीआरएम ने दिए जांच के आदेश

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इस घटना की जांच कराने का आदेश सम्बंधित अधिकारीयों को देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है। इसके सभी की निदेशित किया। साथ ही मुख्यालय ने सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के अधिकारीयों द्वारा एसएजी (ख्न्न) लेवल की जांच के आदेश दिए हैं।

चोटिल यात्रियों से डीआरएम ने की बात

चोटिल यात्रियों से मिलने नारायणा हॉस्पिटल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा चोटिल यात्रियों से बात की गई उनके परिजनों से बात कर संतुष्टि जाहिर की। रेलवे द्वारा चोटिल यात्रियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा एवं खानपान की व्यवस्था व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए । मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चोटिल यात्रियों को उचित एवं त्वरित इलाज सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुग्रह राशि दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद घायल यात्री देवारी लाल धीवर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा अनुग्रह राशि (E&-Gratia) पचास हजार (50000) रुपए सौंपी गई।

स्वच्छता श्रमदान में पुलिस ट्रेनिग सेंटर के जवानों व युवाओं ने लिया हिस्सा

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में पर्यटन व धार्मिक स्थलों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मैनपाट के ग्राम कुनिया स्थित पर्यटन स्थल टाईगर प्वाइंट में रविवार को संपूर्ण स्वच्छ ग्राम निर्माण की दिशा में रविवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर साफ-सफाई की गई। मैनपाट के स्वच्छता आइकॉन कमलेश सिंह के निर्देशन में सक्रिय युवाओं की टीम इस स्वच्छता श्रमदान अभियान में शामिल हुई। प्रति सप्ताह मैनपाट के अलग-अलग पर्यटन स्थलों में सफाई की जा रही है।

टाइगर प्वाइंट में आयोजित इस स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में सक्रिय युवाओं के साथ पुलिस ट्रेनिग सेंटर के जवानों ने भी हिस्सा लेकर उत्साह एवं जोश के साथ श्रमदान किया। साथ ही एकत्रित हुए सूखे कचरे व प्लास्टिक अपशिष्ट को नज़दीकी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सह आजीविका संसाधन केंद्र में पहुंचाया गया। इस दौरान पर्यटकों को पुष्प भेंट कर स्वच्छाग्रह करते हुए दर्शनीय स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

28 जिलों में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 81.83 प्रतिशत विद्यार्थी हुए शामिल

एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों में उत्साह का माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश भर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया है। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव नरेन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया।

एकलब्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुए परीक्षा में 29200 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जबकि

35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियो का तिलक लगाकर स्वागत किया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा।

आदिम जाति विभाग के अधिकारियों ने आज यहाँ बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में सत्र 2024 - 25 में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम आयोजित की गई है। प्रदेश के 28 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के 29200 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं। इसका प्रतिशत 81.83 रहा जबकि 6484 परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल नहीं हुए। कुल 35,684 छात्र छात्राओ ने पंजीयन कराया था। इनमे 17 हजार 411 बालक और 18 हजार 273 बालिका शामिल हैं।

एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त प्रज्ञान सेठ द्वारा उक्त संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

दैहानडीह-कोयलारी में डायरिया व उल्टी-दस्त रोकने प्रशासन हाई अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कोयलारी और दैहानडीह में फैली डायरिया सहित जल जनित बिमारियों के रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण का कार्य जारी है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इन दोनो ग्रामों सहित आसपास के क्षेत्रों में भी जल जनित एवं मौसमी बिमारियों पर कड़ी मॉनिटरिंग करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.पी. गौड़ और जनपद सीईओ को निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ग्राम दैहानडीह और कोयलारी में उल्टी, दस्त से पीड़ित मरीजों की कांउसलिंग के लिए स्वास्थ्य अमलों के साथ कवर्धा के शासकीय नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाकर घर-घर पहुंचकर सर्वे करने के निर्देश दिए है। उन्होंन ग्राम दैहानडीह और कोयलारी के अस्थाई कैंप में पर्याप्त दवाईयां रखने

और अस्थाई स्वास्थ्य केन्द्र में 24 घंटे डॉक्टर, स्टॉफ नर्स सहित स्वास्थ्य अमला को ड्यूटी के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए है।

ग्राम कोयलारी और दैहानडीह की डायरिया और जल जनित बिमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासन हाई अलर्ट है। कलेक्टर महोबे ने रविवार सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर ग्राम दैहानडीह उल्टी दस्त के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए लाए गए सभी का हाल-चाल जाना और उनके स्वास्थ्य सुधार की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान दैहानडीह और कोयलारी में डायरिया के प्रभावी नियंत्रण और उल्टी, दस्त से पीड़ित अन्य मरीजों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरन कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सलिल मिश्रा से चर्चा कर दैहानडीह से आए मरीजों के स्वास्थ्य सुधार की पूरी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं करने के निर्देश दिए। यहां बताया गया कि ग्राम दैहानडीह से उल्टी, दस्त के 12 मरीज भर्ती है। कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों से ग्राम में पीने के पानी के जल स्त्रोत और साफ-सफाई सहित अन्य विषय पर पूरी जानकारी ली।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम कोयलारी में डायरिया के रोकथाम और नियंत्रण की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय खरसन से स्वास्थ्य सुधार की पूरी रिपोर्ट की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सार्वजनिक जल स्त्रोतों कुआं, पावर पंप, हैंड पंप के जल परीक्षण और उनकी रिपोर्ट की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और पीएचई के अमलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन-जिन कुंओं के जल टेंस्टिंग के बाद जीवाणु संदुषण मिले है और उपचार के दौरान उन कुंओं की जल को ब्लीचिंग घोल तथा क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है उन जल स्त्रोंतों पर भी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय खरसन ने बताया कि कोयलारी में स्थिति में काफी सुधार आया हैं। पिछले दो दिनों से कोयलारी में उल्टी, दस्त अथवा डायरिया से पीड़ित एक भी नए मरीज नहीं मिले है। कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य, पंचायत अमलों के साथ घर-घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। घरों में उपचार के दौरान लोगों को पानी को उबालकर एवं उन्हें ठंडा कर पीने की समझाईश दी जा रही है। जिन-जिन घरों में उल्टी, दस्त के मरीज पाएं गए थे, उन सभी घरों में ओआरएस के घोल सहित आवश्यक दवांईयां भी दी जा रही है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

राज्यपाल से टास्क फोर्स कमांडर ने की मुलाकात

रायपुर (ए.)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से एयरफोर्स कमांडर फेलिक्स पैट्रिक पिन्टो ने राजभवन में मुलाकात की। पिन्टो वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए स्थापित एंटी नक्सल टास्क फोर्स के कमांडर हैं। उन्होंने टास्क फोर्स की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

23 मई को रायपुर में मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

रायपुर (ए.)। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व 23 मई 2024 गुरूवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व 23 मई को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। बुद्ध जयंती पर्व 23 मई को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। जयंती पर नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

मच्छरों पर नियंत्रण के लिए वार्डों में एंटी लार्वा एवं फॉगिंग कार्य

रायपुर (ए.)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में नगरवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने

मच्छरो पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य विभिन्न वार्डो एवं जोनो में निरंतर स्वास्थ्य विभाग एवं जोनो के स्वास्थ्य अमले द्वारा जारी है। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्तगणों, स्वास्थ्य अधिकारी, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे फॉगिंग अभियान एवं एंटी लार्वा ट्रीटमेंट कार्य का सतत निरीक्षण विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कालीमाता वार्ड के खपरा भठ्ठी क्षेत्र में मच्छरों पर नियंत्रण हेतु चलाये गये फॉगिंग अभियान का निरीक्षण किया ।

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा उषा प्राइड के सामने के क्षेत्र की बस्ती में श्री राम मंदिर मौलश्री विहार क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मिनीमाता गुढियारी, खालबाडा, सोलापुरी माता मंदिर सन्यासीपारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 7 एवं 48 के क्षेत्र, जोन 2 के वार्ड क्रमांक 26 के कुकरी तालाब क्षेत्र के आस पास सहित विभिन्न बस्तियों मार्गो, स्थानों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य अभियान पूर्वक किया गया।

रायपुर पहुंचे सुरेश रैना, डिप्टी सीएम अरूण साव से की मुलाकात

रायपुर। पूर्व भारतीय क्रिकेट सुरेश रैना राजधानी रायपुर पहुंचे। इस दौरान सुरेश रैना समेत छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के पदाधिकारी उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निवास स्थान पहुंचे। उन्होंने डिप्टी सीएम साव से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ में 7 जून को आईपीएल के तर्ज पर क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन होगा। इसके लिए सुरेश रैना को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

यूपीआई से होगी भुगतान व्यवस्था

छत्तीसगढ़ के शराब प्रेमियों के लिए खुशखबरी, खरीद होगी कैशलेस

रायपुर (ए.)। राज्य में अब शराब खरीदने के लिए चिल्हर की समस्या समाप्त हो जाएगी। आबकारी विभाग शराब की बिक्री यूपीआई के जरिए ऑनलाइन करने जा रहा है। सब कुछ सामान्य रहा तो जून के दूसरे सप्ताह से शराब कैशलेस खरीदी जा सकेगी।

पिछली सरकार के समय हुए तीन हजार करोड़ के शराब घोटाले के पीछे नगद खरीदी ही प्रमुख कारण रही है। इसके चलते एक बड़ा सिंडिकेट बना जिसने ओवर रेट पर शराब बेचकर करोड़ों का गबन किया। इस सिंडिकेट के कई प्रमुख लोग आज जेल में हैं। इस घोटाले ने छत्तीसगढ़ की छवि को धूमिल किया और आबकारी विभाग को राजस्व का भी

नुकसान उठाना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग और मार्केटिंग कंपनी (सीजीएमएससीएल) ने इस समस्या से निपटने के लिए अब शराब की खरीदी-बिक्री को ऑनलाइन करने की तैयारी पूरी कर ली है। रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की देशी-विदेशी शराब पी जाती है, जो नगद में बेची जाती है। अब यह सब कुछ एसबीआई के जरिए यूपीआई से होगा।

शराब निगम ने अपनी सभी 600 से अधिक दुकानों के अलग-अलग यूपीआई अकाउंट बैंक में खोल दिए हैं। इन दुकानों के क्यूआर कोड के जरिए ग्राहक ऑनलाइन पेमेंट कर सकेंगे। फिलहाल यह सिस्टम प्रीमियम दुकानों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जा रहा है, इसके बाद सभी देशी और अंग्रेज़ी शराब दुकानों में भी लागू किया जाएगा।

निगम के एमडी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इससे ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या नहीं रहेगी। दुकानों के कर्मचारी चिल्हर नहीं है कहकर राउंडफिगर में बड़ी राशि एकत्रित कर आपस में बांट नहीं सकेंगे। वहीं उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह सिस्टम राजस्व हानि रोकने में मदद करेगा और विभाग अपने सालाना 11 हजार करोड़ के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक, इसके बाद भी यदि अधिक वसूली होती है तो खरीदार टोल फ्री नंबर 14405 पर कॉल कर शिकायत कर सकेंगे।

ग्रीन आर्मी कर रही कबाड़ के जुगाड़ से सखी सहेली गार्डन का जीर्णोद्धार

अनहोनी के डर से गार्डन में जाने से कतराते थे स्थानीय निवासी

रायपुर (ए.)। रायपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित सखी सहेली गार्डन विगत 6 माह पूर्व वीरान, अंधेरा, कूड़ा, नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हुआ करता था, पेड़ो के नाम पर केवल चुनिंदा पेड़ो की जड़े बाकी रह गए थे। स्थानीय निवासी अनहोनी के डर से गार्डन में जाने से कतराते थे।

आज यहां रोशनी, चहल-पहल, पलदार, छायादार, पेड़, एवँ पाथवे वाल पर रंगाई, स्थानीय लोगो का ध्यानाकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ज्ञात हो ग्रीन आर्मी डीडीयू नगर ज़ोन को सखी सहेली गार्डन की बुरे हालात की जानकरी प्राप्त हुई। संस्था सदस्य जानकरी मिलते ही इसे बचाने में लग गए। इस मुहिम में सर्वप्रथम नशेड़ियों एवं असमाजिक तत्वों को भगाने हेतु 1 माह तक म्यूसिक नाइट, होली मिलन समारोह , जनजागरूकता अभियान एवँ पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया गया। तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा

कचरा की सफाई, लेबलिंग, पानी, लाइट व्यवस्था, वृक्षारोपण किया गया एवं इन वृक्षों कों बचाने कबाड़ की जुगाड़ से एसडब्लयू पाईप, पेंटिंग, मच्छरदानी, ग्रीन नेट जाली, मलबे से ईट, बांस के टूकडे इकठठे कर पेंडो की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई। पक्षीयों के लिए सकोरे की व्यवस्था- गार्डन के जीर्णोद्धार के साथ जीव-जन्तुओं, पशु-पक्षियों की सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान रखा गया है इस हेतु पानी के सकोरे के साथ दाना-पानी की व्यवस्था भी की गई है आज यहां चिडियों की मधुर चहचाहट एवं घोसले आपको असानी से देखने मिल जायेंगे। सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर- संस्था सदस्यों द्वारा अब इस गार्डन के देख-रेख हेतू माली एवं सौंदर्यीकरण के अनेक उपाय किये जा रहे है। आगे इस कार्य के लिए शासन प्रशासन का सहयोग लिया जायेगा।

तक्षशिला लाइब्रेरी का निरीक्षण करने पहुंचे रायपुर कलेक्टर

रायपुर (ए.)। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मोतीबाग परिसर स्थित 'तक्षशिला' पुस्तकालय का निरीक्षण किए। उन्होंने लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे युवाओं से लाइब्रेरी से जुड़े सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कलेक्टर गौरव सिंह ने टैरिस एरिया में लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे और क्लास ली। जिसमें उन्होंने यूपीएससी और पीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं को अनेक विषयों पर टू द पॉइंट कैसे तैयारी करना है बताया।

खासकर भारतीय संविधान को व्यावहारिक तरीके से कैसे समझें एवं मस्तिष्क पटल पर लंबे अंतराल के लिए कैसे रखें, इसपर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक इतिहास के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि विषयों को रटे नहीं बल्कि कॉनसेप्ट क्लीयर करते हुए पढ़ाई करें। युवाओं ने चर्चा-परिचर्चा के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह से सवाल भी किए जिसका उन्होंने ने जवाब भी दिया। तक्षशिला लाइब्रेरी सभी सदस्यों के लिए जिन्होंने लाइब्रेरी की सदस्यता ग्रहण की हैं। सातों दिन 24 घंटा संचालित है।

डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर निरंतर कार्रवाई जारी

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध प्लाटिंग पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निमोरा, गोंदवारा और बोरियाखुर्द में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की गई है। अवैध प्लाटिंग करते हुए मुरूम का रास्ता बनाया गया था, जिसे जिला प्रशासन की टीम ने नष्ट किया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में राजस्व, पुलिस व ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम का सहयोग रहा है।

रायपुर शहर में लगे अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड और ठेलों पर जब्ती की कार्यवाही

दुकानदारों का दिखा विरोध, मौके पर पुलिस बल भी उपस्थित

रायपुर (ए.)। रायपुर शहर के प्रमुख मार्गों में स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड एवं दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के बाहर सामान रखने के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या होती रही है। यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पुरानी बस्ती से लाखे नगर चैक मुख्य मार्ग एवं जीई रोड में आमापारा चैक से अनुपम गार्डन तक मार्ग के दोनो ओर स्थित ठेले, गुमटियों एवं दुकानों के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड एवं सामान को जब्त किये जाने की कार्यवाही की गई।

लाखे नगर चैक के पास स्थित रेडीमेड वस्त्रों की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर अत्याधिक संख्या में डमी पुतले रखे गये थें। पार्किंग हेतु दुकानों के सामने पर्याप्त स्थल नहीं होने के कारण ग्राहकों द्वारा अपनी गाडियों सड़क पर खड़ी की जा रही थी। जिससे इस क्षेत्र में प्रतिदिन ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर के यातायात को बाधित कर रहे ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध जोन क्र 4, 5, 7 एवं नगर निवेश मुख्यालय के उड़नदस्ता द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। इस दौरान लगभग 35 डमी पुतले, 100 कैरेट, 60 विज्ञापन बोर्ड, 20 स्टैण्ड, 5 ठेले, 12 गद्दे, 8 कुर्सियां इत्यादि को जब्त कर संबंधित जोन कार्यालयों में रखा गया। कार्यवाही के दौरान दुकानदारों द्वारा विरोध भी किया गया किन्तु मौके में उपस्थित पुलिस बल द्वारा कार्यवाही बाधित नहीं होने दी गई। शाम 5 बजे से चालू हुई कार्यवाही रात 9 बजे तक निरंतर चली। अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर विनोद पाण्डेय, जोन आयुक्त जोन क्र. 5 विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता, लाल महेन्द्र सिंह के आलावा जोन क्र. 4, 5, 7 एवं नगर निवेश मुख्यालय के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

गर्मी में परेशान होते हैं पशु-पक्षी भी

बढ़ते कदम बांट रहा हैं दाना सकोरा व कोटना

रायपुर (ए.)। जिस प्रकार हम सब गर्मी में परेशान होते हैं पशु पक्षी भी जरूर होते होंगे। हमारे पास तो संसाधन हैं और हम अपने लिए स्वयं व्यवस्था कर सकते हैं संस्था बढ़ते कदम मानव सेवा के साथ साथ बेजुबान पक्षियों एवम पशुओं की सेवा के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है ।

संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं अजय वलेचा ने बताया कि हम इंसान तो अपना दु:ख दर्द भूख प्यास किसी से कह सकते हैं लेकिन पशु पक्षी अपना दर्द किससे कहें इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए संस्था बढ़ते कदम द्वारा पिछले 17 वर्षों से नि:शुल्क दाना सकोरा एवं कोटना वितरण की सेवा और जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में संस्था ने गुरूजी चौक देवेंद्र नगर, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब, तेलीबंधा, भाटागाँव, फाफाडीह वितरण किया जा चुका हैं व आगे भी अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्टाल लगाकर वितरण किया जावेगा व गौशाला प्रभारी सुनील नारवानी ने बताया की इन शिविरों में गौ माता के लिए गुड़ व रोटियों का भी वितरण किया जा रहा हैं।

अत: जन मानस से अपील है कि वे इन शिविरों में आकर दाना सकोरा व कोटना नि:शुल्क प्राप्त करें और इस भीषण गर्मी में बेजुबान व मासूम पशु पक्षियों की सेवा करके पुण्यलाभ जरूर प्राप्त करें व अपने बच्चों को भी मानवता की शिक्षा दें।

लक्ष्मी जनरल एण्ड फैन्सी स्टोर्स
गारनियार कलर्स, शहनाज, ओरीफ्लेम, लोरीयल कलर्स, रेवलोन हिमालय, लेक्मे, पौन्डस, नीविया, हबीब शिरम, इम्पोडेट, कास्मेटिक बाड़ी वाश, शैम्पू एवं डियो परफ्यूम
Ajay Malghany 7389440364
Ramesh Maighany 9302457395
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

J.K. TRADERS
Mohit Ahuja:-
97550 01136
98939 77337
PLASTO
प्लास्टो है तो गॅरन्टी है।
Nandini Road, Power House, Distt.-Durg, Bhilai (CG)

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

जीन्स
टी-शर्ट
शर्ट
ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

लाल लहंगे में छलका रकुल प्रीत सिंह के हुस्न का नूर

गॉर्जियस लुक से नजरें हटना हुआ मुश्किल

बॉलीवुड की खूबसूरत और ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हुस्न के कायल हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से लोगों को इस कदर कायल किया हुआ है कि हर कोई उनकी तारीफ करते नहीं थकता है।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। साथ ही उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। फोटोशूट के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने रेड कलर का लहंगा और साथ ही रिवीलिंग ब्लाउज पहना हुआ था, जिसमें उनका हॉटनेस भरा अवतार देखकर लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गई थी। रकुल प्रीत सिंह बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिसकी हर एक झलक पाने के लिए फैंस उनकी फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। कानों में इयररिंग्स, बालों को हाई पोनी लुक देकर और साथ ही ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं।

तन्वी शेवाले ने अपने उड़ने की आशा भूमिका के लिए देखी मसाज, मैनीक्योर और पेडीक्योर वीडियो

शो उड़ने की आशा में मसाज थेरेपिस्ट का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री तन्वी शेवाले ने अपने किरदार की तैयारियों के बारे में साझा करते हुए कहा कि स्क्रीन पर पेशेवर दिखने के लिए उन्होंने मसाज, मैनीक्योर और पेडीक्योर वीडियो देखे।

रोशनी की भूमिका निभाने वाली तन्वी ने कहा: मैंने कुछ मसाज वीडियो और कुछ मैनीक्योर पेडीक्योर वीडियो देखे, और दृश्यों के लिए उनका अभ्यास किया ताकि यह नकली न लगे और पेशेवर दिखें क्योंकि वह एक पेशेवर हैं और अपने काम में अच्छी हैं।

अपनी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, मेरा किरदार रोशिनी शो की समानांतर मुख्य भूमिका है। वह एक मसाज थेरेपिस्ट है और महिलाओं को घरेलू सेवाएं देती है। उसका खुद का एक पार्लर खोलने का सपना है इसलिए वह बचत करना और कमाना चाहती है। बहुत सारा पैसा। वह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी, व्यावहारिक, स्ट्रीट-स्मार्ट, बहिर्मुखी लड़की है। उसने कम उम्र में अपने जीवन में बहुत सारे सबक सीखे हैं, इसलिए वह एक मजबूत महिला भी है तेजस का जिसे आप आने वाले एपिसोड में देखेंगे।

क्या उसके और रोशनी के बीच कोई समानता है, तन्वी ने कहा: रोशनी एक दूरदर्शी, स्वतंत्र और महत्वाकांक्षी लड़की है जिसके बड़े सपने हैं और मुझे लगता है कि यही वह जगह है जहां मैं उसके साथ जुड़ सकती हूं सिवाय इसके कि हम पूरी तरह से विपरीत हैं। उड़ने की आशा सचिन और सैली की कहानी के साथ-साथ रिश्तों और समीकरणों की पेचीदगियों को भी दर्शाती है। राहुल कुमार तिवारी द्वारा निर्मित, उड़ने की आशा रात 9 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज तारीख फिर टली

कंगना रनौत अब चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। इस बीच एक बार फिर क्वीन एक्ट्रेस की मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी पोस्टपोन हो गई है। कंगना रनौत की प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई है। मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से एक बयान जारी किया गया है, जिसमें घोषणा की गई कि फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाने की वजह लोकसभा चुनाव हैं। जारी बयान में कहा गया है, क्योंकि एक्ट्रेस देश के प्रति अपने कर्तव्य और देश की सेवा करने की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देती हैं।

कंगना रनौत ने इस साल की शुरुआत में सोशल मीडिया के जरिए इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान किया था। अभिनेत्री ने एक पोस्टर शेयर करते हुए बताया था कि ये फिल्म इसी साल 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन, अब प्रोडक्शन हाउस की ओर से बताया गया है कि फैंस को फिल्म के लिए अब थोड़ा और इंतजार करना होगा।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से जारी पोस्ट में लिखा है- हमारे दिल प्यार से भरे हैं, जिस तरह का प्यार कंगना रनौत को आज के समय में मिल रहा है, वो हम सभी के लिए देखना काफी खुशनसीबी की बात है। कंगना इस समय देश की सेवा करने में जुटी हुई हैं.इस समय देश के लिए उनका कमिटमेंट ही उनके लिए पहली प्रायॉरिटी है। ऐसे में हमारी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। हम वादा करते हैं कि फिल्म की नई रिलीज डेट के साथ हम आपके सामने जल्दी ही हाजिर होंगे और आपको निराश नहीं करेंगे। आप सबने जैसे अब तक हमारा सपोर्ट किया है वो करते रहें। इमरजेंसी जल्द ही रिलीज होगी।

हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब इमरजेंसी की रिलीज डेट टली है। इससे पहले भी कंगना की फिल्म की रिलीज डेट दो बार टल चुकी है। पहले ये फिल्म 24 नवंबर 2023 को रिलीज होने वाली थी। फिर कहा गया कि फिल्म 14 जून 2024 में रिलीज होगी। इस फिल्म में कंगना रनौत देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी।

कंगना रनौत अब अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर चुकी हैं. अभिनेत्री लोकसभा चुनाव 2024 में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले से बीजेपी प्रत्याशी हैं। ऐसे में कंगना के फैंस को उम्मीद है कि चुनाव परिणाम आने के बाद कंगना इमरजेंसी की की रिलीज डेट की घोषणा फिर करेंगी।

सिंघम अगेन के विलेन अर्जुन कपूर ने पूरी की शूटिंग



कॉप यूनिवर्स के टॉप डायरेक्टर रोहित शेट्टी की मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी या नहीं, यह कोई नहीं जानता, लेकिन इससे पहले फिल्म की चर्चा खूब हो रही है। सिंघम अगेन की चर्चा इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अर्जुन कपूर विलेन का रोल करने जा रहे हैं। अब अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है और एक पोस्टर शेयर कर इसकी जानकारी दी है।

अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के शूटिंग सेट से फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सिंघम अगेन के विलेन के रोल में दिख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर कर अर्जुन कपूर ने लिखा है, रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का विलेन, सिंघम अगेन की शूटिंग मैंने खत्म कर ली है, मेरी 20वीं फिल्म, मास सिनेमा के बॉस रोहित शेट्टी के साथ अपने करियर की अबतक की सबसे दमदार फिल्म की है, इंडियन सिनेमा की सबसे ज्यादा फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर खुश हूं, अब बड़े पर्दे पर अपना हुनर दिखाने का इंतजार नहीं हो रहा है।

वहीं, अर्जुन कपूर के इस पोस्ट पर उनकी बहन जाह्नवी कपूर ने फायर, ताली और शानदार इमोजी शेयर किए हैं। बता दें, अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार स्टारर यह फिल्म 15 अगस्त 2024 के लिए स्लेट है, लेकिन कहा जा रहा है कि फिल्म पष्पा 2 द रूल भी इस दिन रिलीज होगी और इसके चलते फिल्म की रिलीज डेट को बदला जा सकता है।

कियारा आडवाणी ने Cannes में बोली बनावटी अंग्रेजी, लोगों ने लगाई क्लास

बोले- अपनी भाषा पर शर्म आती है क्या

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इस वक्त कान फिल्म फेस्टिवल पर अपना जादू बिखेर रही हैं। एक्ट्रेस की फोटोज खूब वायरल हो रही हैं। इस बीच, उनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो अंग्रेजी का बनावटी लहजा इस्तेमाल कर रही हैं। इसके लिए कियारा को बहुत ट्रोल किया जा रहा है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी कान रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत दिखीं। वहां से उनकी कई सारी फोटोज और वीडियोज सामने आए हैं। लेकिन कियारा का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल होने के बाद सब बस उसी के बारे में बातें कर रहे हैं। कियारा ने वॉक करने के बाद मीडिया से बातचीत की और पूरी तरह से बनावटी तरीका इस्तेमाल किया। वो ऑफ-शोल्डर गुलाबी और काले गाउन में एक स्टेटमेंट बो पहने बेहद खूबसूरत लग रही थीं लेकिन उनके एक्सेंट ने लोगों का मूड खराब कर दिया है। कियारा को ऐसे बोलते हुए देखकर लोग उन्हें बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं।

वायरल हो गया कियारा का ये वीडियो

रेड कार्पेट पर चलते हुए, कियारा ने इवेंट में आने पर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की। इसके बारे में बोलते हुए उन्होंने शुरुआत की और कहा, 'यह बहुत अच्छा है। अब मेरे करियर को एक दशक होने जा रहा है, इसलिए यह एक बहुत ही खास पल है। मैं पहली बार यहां कान में आकर और सिनेमा में महिलाओं के लिए रेड सी फाउंडेशन से सम्मानित किए जाने पर बहुत आभारी हूं।'

बुरी तरह ट्रोल हुईं कियारा आडवाणी

हालांकि कियारा आडवाणी का अंग्रेजी बोलने का ऑनलाइन सामने आते ही उनकी बहुत आलोचना हुई। कई लोगों ने कियारा पर आरोप लगाया कि वो खुद को बनावटी दिखा रही हैं। एक ने लिखा, 'मैं उससे प्यार करता हूं लेकिन वह लहजा क्यों?' एक फैन ने पूछा, 'भारतीय लहजा किसी भी तरह से बुरा या अपमानजनक नहीं है, फिर ये लोग इसे क्यों नहीं चुनते और पूरी चीज को बर्बाद कर देते हैं।' फिर एक ने कहा, 'इसकी तुलना में उसे अपना लैंग्वेज इस्तेमाल करना चाहिए था।'

क्या इस पर बोलेंगी कियारा

'वुमेन इन सिनेमा गाला' कान फिल्म फेस्टिवल के कई हाई-प्रोफाइल इवेंट्स में से एक है, जो हर साल दुनिया भर से टैलेंट्स को साथ लाता है। इस साल बहुत सारी भारतीय हस्तियां रेड कार्पेट पर चलीं। अभी ये देखना बाकी है कि कियारा के इस वीडियो के वायरल होने के बाद क्या वो इस पर रिएक्ट करेंगी या नहीं।

खास खबर

कांग्रेस झूठे दावों व फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने का सपना देख रही है : अनुराग ठाकुर

कांगड़ा (ए)। लोकसभा चुनाव के रण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच हर रोज जुबानी जंग देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। अनुराग ठाकुर ने देहरा विधानसभा के गुलेर और हरिपुर गांव में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस पार्टी हार से डरी हुई है। कांग्रेस झूठे दावों और फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने के सपने देख रही है। कांग्रेस जमीन से पूरी तरह कट चुकी है और उसके पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। इनके चेहरे भी फेक हैं, जो फेक न्यूज फैलाते हैं। यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने जा रहा है। कांग्रेस वाले झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा अगर चुनाव जीतकर आती है तो आरक्षण और संविधान को खत्म कर देगी। लेकिन, देश की जनता जानती है कि आपातकाल किसने लगाया था। देश के संविधान को 62 बार किसने बदला। एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीनकर मुसलमानों को किसने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सांप्रदायिक राजनीति करते हैं। भारतीय लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि सड़क से लेकर संसद तक नेता जो मन में आता है वह बोलते हैं। लेकिन इसके बाद भी मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हैं। कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनके मेनिफेस्टो में विदेशी ताकतों का हाथ स्पष्ट तौर पर दिखता है। हद तो तब हो गई, जब उनकी काली नजर आपकी संपत्ति, जिस पर आपकी संतान का हक है, उस पर पड़ गई। महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह आपके मंगलसूत्र को भी छीन लेगी। हिमाचल की सुक्खू सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि जिन गारंटियों के सहारे वह सत्ता में आई, उनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई है। यही बजह है कि डेढ़ साल के कार्यकाल में ही कांग्रेस सरकार के नौ विधायक साथ छोड़ गए, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

विभव को केजरीवाल ने क्यों छिपा के रखा : भाजपा

नई दिल्ली (ए)। भाजपा सांसद और उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार मनोज तिवारी का कहना है कि आज दिल्ली और दिल्ली के लोग जानना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल पर क्यों नहीं बोल रहे। वे केवल आरोपी के पक्ष में क्यों बोल रहे हैं।
उन्होंने कहा कि इस मामले का आरोपी विभव, जो केजरीवाल का पीएस है, मुख्यमंत्री केवल उसे बचाने में लगे हैं। इस संबंध में उन्होंने आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से प्रश्न पूछे हैं। तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सांसद स्वाति मालीवाल को पीटने वाले अपने पीएस विभव को अपने ही घर में क्यों छिपा के रखा। आखिर उस वक्त घटना की सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलिट की गई। मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता एक महिला को पीटने वाले व्यक्ति के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए आपको 20 दिन की जमानत दी है। आज दिल्ली की हर एक मां, हर एक बेटी आश्चर्यचकित है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इस पूरी घटना पर मुख्यमंत्री के रूख को देखकर लगता है कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर ही स्वाति मालीवाल की पिटाई हुई है। अरविंद केजरीवाल और उनके निजी सहायक विभव के बीच आखिर रिश्ता क्या है। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर पूर्व मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की पिटाई भी की गई थी। भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार दिल्ली के शाहजहां शेख बन गए हैं। जिस व्यक्ति पर इतने गंभीर इल्जाम हैं, उसे बचाने की कोशिश की जा रही है।

फानेंद्र कुमार (राकेश) लापता

भिलाई। फानेंद्र कुमार पिता कन्हैया दास उम्र 22 वर्ष वार्ड 27 शास्त्री चौक लालबहादुर आटा चक्की के पास का निवासी हैं। 14 अप्रैल 2024 को फानेंद्र कुमार घर से निकला था। जो आज दिनांक तक घर नही लौटा है। (यह बालक मानसिक रूप से दिव्यांग है और उसे मिरगी का भी दौरा पड़ता है)। जिसकी सूचना छावनी थाने में दे दी गई। जिस किसी भी सज्जन को मिले या इसके बारे में पता चले तो इस नंबर 8103475641 पर संपर्क कर सूचना देवें या पहुंचाने का कष्ट करें।

शाहजहां को बचाने संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रही टीएमसी : पीएम मोदी

कोलकाता (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में हुंकार भरी। पांचवें चरण के मतदान से पहले उन्होंने पुरुलिया में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह पुरुलिया में वोट मांगने नहीं बल्कि जनता का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। इसके साथ ही बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर भी आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी राज्य में मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी का वादा लेकर आई थी, लेकिन अब वही भक्षण कर रही है। संदेशखाली मामले को लेकर भी उन्होंने टीएमसी पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी वाले शाहजहां शेख को बचाने के लिए संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रहे हैं।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी ये कह कर सत्ता में आई थी कि वह मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज टीएमसी मां, माटी, मानुष का ही भक्षण कर रही है। बंगाल की महिलाओं का भरोसा टीएमसी से टूट गया है। संदेशखाली में जो पाप हुआ है, उसने पूरे बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

संदेशखाली मामले पर एक बार फिर पीएम मोदी ने टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा, एससी/एसटी परिवार की बहनों को तो टीएमसी के लोग इंसान ही नहीं समझते। अपने शाहजहां को बचाने के लिए टीएमसी के लोग संदेशखाली की बहनों को ही दोषी ठहरा रहे हैं, उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। जैसी भाषा ये उनके लिए बोल रहे हैं, इसका जवाब बंगाल की हर बेटी अपने वोट से टीएमसी को तबाह कर देगी।

आरक्षण को लेकर इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं, लेकिन जनता जनार्दन के सुरक्षा कवच के आगे इनका हर तीर, हर साजिश नाकाम साबित हुई है। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने इन चुनावों में इंडी गठबंधन वालों का कच्चा चिट्ठा खोलकर देश के सामने रख दिया है। उन्होंने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज इंडी गठबंधन वाले धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं।

शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर टीएमसी पर हमला

बंगाल सरकार पर फिर से हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जिस बंगाल में मां सरस्वती की पूजा होती है, वहां टीएमसी सरकार शिक्षा में भी चोरी करती है। शिक्षकों की भर्ती में हजारों नौजवानों का भविष्य इन्होंने बर्बाद कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव में बंगाल के लोगों को डराने-धमकाने, हिंसा कराने वाली टीएमसी सरकार ने इस बार सारी हदें पार कर दी है। आज देश और दुनिया में इस्कॉन, राम कृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ, सेवा और सदाचार के लिए जाने जाते हैं, लेकिन आज बंगाल की मुख्यमंत्री इन्हें खुले तौर पर धमका रही हैं, खुले मंच से उन्हें चेतावनी दे रही हैं।

ये घमंडिया गठबंधन है, इसमें सभी भ्रष्टाचारी इकट्टे हो गए : नड्डा

कैथल (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कैथल में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के समर्थन में वोट देने की अपील की। इस मौके पर जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये घमंडिया गठबंधन है, इसमें सभी परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं का अपमान करने वाले लोग हैं। इनकी करतूतें बेहद गंदी हैं और ऐसे लोगों को घर बैठाने का काम करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति बदली है। भ्रष्टाचार खत्म किया और आज पूरी दुनिया में भारत का ऊंचा रुतबा है।

नड्डा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का चरित्र क्या है, इसके तीन लोग भ्रष्टाचार के नाम पर जेल में पड़े हैं। जिन नेताओं के घर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है इन लोगों को देश में आने दोगे क्या ? इससे पहले जेपी नड्डा ने भारत माता की जय के साथ संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आपका उत्साह, उमंग और ऊर्जा बता रही है कि आपने नवीन जिंदल को जिताकर लोकसभा भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ साल में जितना काम हुआ है। उतना कभी नहीं हुआ। आज जो देश में काम हुआ, हरियाणा में जो काम हुआ और आपके कैथल में जो काम हुआ उसकी एक लंबी सूची भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आपके सामने रखी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह समझना पड़ेगा कि मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ हरियाणा ही नहीं बदला, देश ही नहीं बदला, बल्की मोदी जी के नेतृत्व में देश की राजनीति की संस्कृति बदल गई, कामकाज का तरीका बदल गया। आज से दस साल पहले साधारण व्यक्ति के मन से क्या निकलता, उसके मन से निकलता था कि इस देश मे कुछ नहीं बदलने वाला, सब ऐसा ही चलेगा, हमें हमारे हाल पर ही छोड़ दिया गया। एक उदासीन मानसिकता हमें घेरे हुए थी, लेकिन अब मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपने संकल्प को पूरा करने के लिए चल पड़ा है। यही बदलता भारत है। इस समय देश में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत है। 152 डी से आप चार घंटे में यहां से जयपुर जा सकते हैं। इसी प्रकार से साढ़े नौ साल में प्रदेश में भाजपा ने ईमानदार सरकार चलाई है।

नड्डा ने कहा कि पहले कांग्रेस के समय में नौकरी बिकती थी,अब हमारी सरकार ने नौकरी मेरिट पर देने का काम किया है। इसके लिए मैं पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रदेश में युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के नौकरी देने का काम किया है। अब लोगों को नौकरी के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं हैं। अब एक घर से पांच-पांच बच्चों को मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है।

पहले देश में राजनीति धर्म के नाम पर होती थी, इलाके के नाम पर होती थी,पहाड़ और मैदान के नाम पर होती थी, शासकों ने लोगों को आपस में लड़वाया। लेकिन अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एक मंत्र सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास के साथ चल पड़ा। आज जवाबदेही की राजनीति शुरू हो गई। अब रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू हो गई। ये संस्कृति पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुई है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कोरोना के बाद से दुनिया के कई देशों की अर्थनीति डगमगाई हुई है। अमेरिका की अर्थनीति गिरी हुई है, यूरोप की अर्थनीति डगमगाई हुई है। रसिया, चाइना जापान सभी आर्थिक दिक्कतों से गुजर रहे हैं लेकिन आपको यह भी ध्यान में रखना होगा कि कोरोना की मार के बाद और यूक्रेन युद्ध के बावजूद मोदी जी के नेतृत्व में भारत 11 नंबर से छलांग लगाकर पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। आज दुनिया भारत को आशा की किरण के रूप में देख रही है।

जेपी नड्डा ने कहा कि आज भारत डिजिटल ट्रांजेक्शन कर रहा है। गरीबों को राशन दिया जा रहा है। इसके कारण देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। वहीं, अति गरीब भारत में एक फीसदी से भी कम रह गए हैं। भारत लगातार आगे बढ़ रहा है।

तुष्टिकरण की राजनीति करती है सपा, कांग्रेस : अमित शाह

जौनपुर(एजेंसी)। जिले के मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है , इस बार लोकसभा चुनाव में 400 सीटों के पार जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के अर्थतंत्र को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाया है। यह चुनाव भारत को विश्व का तीसरा अर्थ तंत्र बनाना है, आतंकवाद से मुक्त करना है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है। उन्होंने कहा कि इस बार नरेंद्र मोदी 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि , 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी । सोनिया गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह लोग प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए क्योंकि यहां आएंगे तो इनको वोट नहीं मिलेगा। कहा कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना यह कहते थे लेकिन मड़ियाहूं का बच्चा-बच्चा मेरे कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 370 हटाई पूरे कश्मीर में आज हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है।

मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कर दिया। सोनिया और मनमोहन की सरकार में आतंकी घुस जाते थे और धमाके करते थे। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ गरीबों को अनाज देने का काम किया, साथ ही 12 करोड़ गरीब माता को शौचालय बनाकर उनकी रक्षा की है, 4 करोड लोगों को घर बनाए, गैस कनेक्शन दिए, कोरोना के सबको टिका लगवाये। श्री शाह ने कहा कि आज मोदी सरकार में पाकिस्तान की कुछ भी गलत करने की हिम्मत नहीं है।

गलत नीतियों के कारण कांग्रेस और सहयोगी पार्टी अब सत्ता से बाहर है- मायावती

मऊ (एजेंसी)। स्थानीय नगर के मोहल्ला नाजोपट्टी स्थित नॉर्मल ग्राउंड में बसपा सुमित सुप्रीमो मायावती ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों की पार्टी है। इस सरकार में गरीबों को लालीपाप देकर उनका मत ले लिया जाता है। इस बात को जानता पूरी तरह से समझ चुकी है अब इनके झूठ फरेब में आने वाली नहीं है। कहा कि बसपा ने सारे समाज को बराबर का भागेदारी दिया है। मुझे भरोसा हो गया है की इस चुनाव में आप लोगों के सहयोग से जबरदस्त सफलता मिलेगी। कांग्रेस की गलत नीतियों से कांग्रेस और सहयोगी पार्टी अब सत्ता से बाहर है।

जातिवादी संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी। भाजपा ने जनता से किए वादे पूरा नहीं किया। बड़े पूंजीपतियों और धन्नसेठो को मालामाल किया। सभी पार्टियों ने पूंजीपतियों से चुनावी चंदा लिया और जनता का पैसा का बंदरबांट किया। बसपा ने किसी फि पूंजीपति से एक भी पैसा चंदा नही लिया। कांग्रेस की तरह भाजपा सरकार गरीबों अल्पसंख्यकों का शोषण कर रही है। जब समाजवादी पार्टी सत्ता मे थी तो दलित वर्ग का आरक्षण समाप्त कर दिया था। भाजपा जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। प्राइवेट सेक्टर में बड़े पूंजीपतियों के चलते आरक्षण नही दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक समाज के खिलाफ केंद्र सरकार तमाम हथकंडे अपनाती है। भाजपा सरकार मे महंगाई बेरोजगारी बढ़ गई है। विरोधी पार्टियां दलितों को गुमराह कर रही है। घोषणा पत्र को कोई भी पार्टी लागू नही करती है। उत्तर प्रदेश में चार बार बसपा की सरकार बनी थी। इस दौरान दलितों गरीबों, अल्पसंख्यकों मजदूरों के लिए सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई थी। देश की जनता केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते बड़ा हाल है। उनकी गलत नीतियों के चलते गरीबों की संख्या बढ़ गई है। विरोधी पार्टियों ने हवा हवाई घोषणा पत्र लाकर दलित वोट को भ्रमित कर रही है इनके झांसा में आने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार आपको फ्री में राशन देकर आपका वोट लेना चाहती है भाजपा के झांसे में आने की जरूरत नहीं है। केंद्र में बसपा की सरकार बनने पर गरीबों अल्पसंख्यकों और सर्व समाज के लिए सम प्रभावी नीतियां बनाई जाएगी। सरकार बनने पर दलित अल्पसंख्यक किसानों की सुरक्षा और उन्नति के लिए योजनाएं लागू की जाएगी। इस अवसर पर घोसी लोकसभा प्रत्याशी बालकिशन चौहान, सलेमपुर लोकसभा प्रत्याशी भीमराजभर, आजमगढ़ सदर लोकसभा प्रत्याशी मशूद सबीहा अंसारी, लालगंज इंदू चौधरी, जिलाध्यक्ष राज विजय, डाक्टर धर्म सिंह गौतम, हरिश्चंद गौतम, दीपक डायमंड गुप्ता, जयभीम कुमार, आदि रहे।

वित्त विभाग ने समस्त शासकीय विभागों को जारी किए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वित्त विभाग द्वारा केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं (Suppliers) को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की कटौती (GST-TDS) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत ष्टत्रस्ञ्ज . 1 प्रतिशत स्त्रस्ञ्ज अथवा 2 प्रतिशत ढ्ढत्रस्ञ्ज) की दर से स्रोत पर कटौती त्रस्ञ्ज-ञ्जष्ठस् किया जाना है।

अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी, के अंतर्गत स्रोत पर कटौतीकर्ता (TDS Deducter) के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों (Contract) तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर त्रस्ञ्ज-ञ्जष्ठस् करने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न GSTR-07 में प्रस्तुत किया जाना है।

कई विभागों, कार्यालयों द्वारा (GST TDS Deductor) के रूप में उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इस संबंध में विभागों को निर्देशित किया गया है कि समस्त भुगतान कर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदाय कर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो।

इसके साथ ही समस्त कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय/वैध हो।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

नाबालिक युवती से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

जांजगीर चांपा। जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी नंद कुमार कुर्रे ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया है आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी अनुसार,नाबालिक लड़की जोकि 18 अप्रैल की सुबह अपने घर पर थी। घर के पीछे आंगन की तरफ बने बाथरूम के लिए अकेली गई हुई थी इस बीच नंद कुमार कुर्रे ने उसे अकेला जाता देख उसके पीछे पीछे चला गया और नाबालिक लड़की पीड़िता के मुंह को अपने हाथो से जबरन दबाकर बंद कर दिया और उसके साथ बाथरूम में लेजाकर कर दुष्कर्म किया है। जिसके बाद आरोपी नंद कुमार कुर्रे मौके पर से भाग निकला। घटना की जानकारी परिजनों को दी जिसपर अकलतरा थाने में धारा 376 (3) और 04 पाक्सो के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल किया गया।

पुलिस को सूचना मिली की आरोपी नंद कुमार कुर्रे 18 वर्ष जोकि अपने गांव कोटमीसोनार में है सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर दुष्कर्म के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर आरोपी नंद कुमार कुर्रे ने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर की सबूत पाए जाने पर आज रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुल की रेलिंग पर बैठकर सेल्फी ले रही थी युवती नदी में गिरी, गंभीर रूप से घायल

सक्ती। मालखरौदा थाना क्षेत्र के भड़ोरा गांव में बोरई नदी के ऊपर बने पुल की रेलिंग पर सेल्फी लेने के लिए बैठी युवती अचानक नदी में गिर गई। हादसे में युवती के सिर पर गंभीर चोट आई है। परिजनों ने उपचार के

लिए अस्पताल ले जाया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, पिरदा गांव की रहने वाली रानी सिदार घूमने अपनी सहेली के घर भडोरा गई हुई थी। दोनों सहेली शाम करीब पांच बजे घूमने के लिए बोरई नदी के ऊपर बने पुल के पास पहुंची हुई थी। इस बीच रानी सिदार पुल की रेलिंग में बैठकर सेल्फी ले रही थी, तभी अचानक उसका बैलेंस बिगड़ा और वह नदी में गिर गई। गिरने से युवती के सिर के पीछे गंभीर रूप चोट आई है। उसकी सहेली ने घटना की जानकारी आसपास के लोगो को दी और नदी से युवती रानी सिदार को बाहर निकाला गया। युवती के परिजनों को सूचना दी। वहीं, 112 को भी घटना की जानकारी दी गई। घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

दुर्ग पुलिस के पकड़ में आए ऑटो चोर : 8 लाख के तीन ऑटो के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

हाट बाजार में खड़ी वाहनों को बनाते थे निशाना, एसीसीयू दुर्ग व उतई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारों में खड़ी ऑटो चुराने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस व एसीसीयू दुर्ग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 लाख रुपए के तीन आटो जब्त किए। रविवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर इस पूरे मामले का खुलासा किया।

एएसपी राठौर ने बताया कि 3 मई 24 को नयापारा खोपली रोड़ उतई निवासी विकास कुमार साहू (24) ने थाना उतई पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने अपनी शिकायत में बताया कि उसका आटो एप्पे वाहन क्रमांक सीजी 07 बीडब्ल्यू 2432 को गायत्री मंदिर के पास रोहित आटो पार्टस दुकान के सामने से कोई चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। उक्त चोरी की घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक

महोदय जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर माल बरामद कर चोरों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिए।

इसके बाद एएसपी वेदव्रत सिरमौर, एएसपी (क्राइम) ऋचा मिश्रा डीएसपी (क्राइम) हेमप्रकाश नायक, एसडीओपपी पाटन आशीष बंछोर के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष शर्मा के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर चोरों की पतासाजी में लगायाय गया। टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। घटना स्थल के आसपास एवं आवागमन के रास्तों में त्रिनयन एप की सहायता से लगे सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया जा रहा था।

सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध

इस दौरान घटना स्थल के आसपास दो संदिग्धों की उपस्थिति दिखाई दी। फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान भागी बंजारे साकिन घिरघोल थाना पलारी जिला बलौदा बाजार के रूप में हुई। इसके बाद टीम ने ग्राम घिरघोल में दबिश देकर संदेही बिजेन्द्र बंजारे को हिरासत में लिया। वहीं भागी बंजारे फरार हो गया। पकड़े गए बिजेन्द्र बंजारे और भागी बंजारे चाचा भतीजा हैं। बिजेन्द्र बंजारे ने पूछताछ बताया कि 3 मई को अपने चाचा भागी बंजारे के साथ उतई बाजार में रोड के किनारे खड़ी एक नीले रंग की एप्पे आटो को रस्सी से चालू कर चोरी कर अपने गांव घिरघोल में छिपाया।

चेसिस नंबर बदलकर बेच दी ऑटो

आरोपी बिजेन्द्र बंजारे ने यह भी बताया कि इसका चाचा भागी बंजारे पूर्व में बिलासपुर से 1 नीले रंग की एप्पे आटो को चोरी किया था। जिसका चेचिस नंबर को आरोपी सुनील भारती बीरगांव रायपुर द्वारा पंचिंग कर बदलवा दिया था। चोरी की गाड़ी का चेचिस नंबर बदलवाने के उपरांत ग्राम गोढ़ही मंदिर हसौद रायपुर में बेचना स्वीकार किया। आरोपी बिजेन्द्र बंजारे के बताये अनुसार अन्य आरोपी सुनील भारती निवासी खमतराई जिला रायपुर को तलब कर पूछताछ किया गया जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी किये गये वाहन एप्पे आटो के चेचिस नंबर को परिवर्तित करना स्वीकार किया। उक्त दोनों की निशानदेही पर पृथक-पृथक जिले से चोरी किये गये 3 एप्पे वाहन को जब्त किया गया है।

इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से एएसआई चन्द्रशेखर सोनी, प्रआर संतोष मिश्रा, प्रधान आरक्षक रूमन सोनवानी, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक पंकज, अश्वनी यदु, मेघराज चेलक, अजय ढ़ीमर, विक्रांत यदु एवं थाना उतई से एएसआई राजकुमार देशमुख, प्रधान आरक्षक तुलसी बिंझेकर, आरक्षक भूपेन्द्र साहू, गिरधारी मंडावी एवं दुष्यंत लहरे की उल्लेखनीय भूमिका रही।

आग का गोला बनी कार, बीच रास्ते लगी आग, पिता-पुत्र ने कूदकर बचाई जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। शहर के हसदेव बराज दरी के पास रविवार की रात को कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। चलती कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई।

कुछ ही देर में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। कार में पिता पुत्र सवार थे जिन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ देर में पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार कोरबा बिलासपुर मुख्य मार्ग दर्री डेम के पास स्विफ्ट डिजायर कार दर्री से कोरबा की ओर आ रही थी। इस दौरान अचानक कार में आग लग गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते यह घटना घटी है। जहां किसी तरह दोनों ने कार से कूद कर खुद की जान बचाई है। कार को जलता देख राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना स्थानी लोगों ने दर्री पुलिस को दी। आग की सूचना मिलते ही सीएसईबी और बालकों की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। तब तक कार जलाकर खाक हो चुकी थी। कार सवार पिता-पुत्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां मामूली चोटें आई हैं।

युवक ने कुल्हाड़ी मारकर प्रेमिका को उतारा मौत के घाट, शादी का दबाव बना रही थी युवती

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। जिले के कोटा थाना क्षेत्र में एक युवक ने प्रेमिका की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची कोटा पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमिका का प्रेमी पर शादी के लिए दबाव बनाने की बात सामने आई है। बहरहाल पुलिस प्रेमी से पूछताछ कर कार्रवाई कर रही है।

कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमाली में प्रेमी युवक गुलशन यादव का गांव की युवती अंजू यादव के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों प्रेमी एक साथ गांव के ही एक मकान में दो माह से रह रहे थे। जानकारी के मुताबिक, दोनों एक ही जाति के होने के बावजूद परिवार वालों के कारण शादी नहीं कर पा रहे थे।

बताया जा रहा है कि प्रेमिका अपने प्रेमी पर शादी कर परिवार के साथ रहने का दबाव बनाती थी, जिसकी वजह से आए दिन दोनों के बीच विवाद होता था। रविवार दोपहर

लगभग तीन बजे दोनों के बीच फिर से इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में प्रेमी युवक ने कुल्हाड़ी से मारकर प्रेमिका की हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोटा पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त कर कार्रवाई कर रही है।

हादसे में मां और बेटे की मौत

बेमेतरा। बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ में ट्रैक्टर से अलग होकर ट्रॉली नहर में पलट गई। हादसे में मां और बेटे की ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी अपने खेत जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, गीता (42) पत्नी सनत और उनके बेटे हीरालाल (17) व अन्य दो बच्चे ट्रॉली में बैठकर अपने खेत जा रहे थे। इस दौरान ट्रॉली ट्रैक्टर से अलग हो गई और ट्रॉली सीधे नहर में गिर गई। ट्रॉली में बैठे दो बच्चे अलग छिटक गए। वहीं, गीता व हीरालाल इसी ट्रॉली में दब गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस व लोग ट्रॉली के नीचे दबे हुए मां-बेटे को निकालकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले दोनों की मौत हो गई थी। इस मामले में बेरला पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर लगने से पुलिसकर्मी घायलः अस्पताल में तोड़ा दम

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। कोंडागांव थाना क्षेत्र के दहिकोंगा के पास बीती रात एक तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी कोंडागांव ने अपने निजी वाहन में घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से

घायल को बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक लोहंडीगुड़ा थाना में आरक्षक के रूप में पदस्थ था। मामले की जानकारी देते हुए कोंडागांव थाना प्रभारी प्रह्लाद यादव ने बताया कि रविवार की रात करीब आठ बजे के लगभग कोंडागांव से जगदलपुर की ओर जा रहे आरक्षक सौरभ उइके पिता स्व. रामचंद्र उइके 25 वर्ष निवासी परपा किसी काम से अपनी मोटरसाइकिल लेकर कोंडागांव गया हुआ था।

रात को वापसी के दौरान सामपुर निवासी युवक अपनी बोलेरो वाहन लेकर जगदलपुर से सामपुर की ओर जा रहा था कि अचानक से दहिकोंगा के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में आरक्षक को गंभीर चोट आई, जिसके बाद घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी प्रह्लाद यादव ने अपनी कार में घायल को खुद ही उठाकर जिला अस्पताल ले गया। वहां से घायल की खराब हालत को देखते हुए उसे 108 की मदद से मेकाज रेफर किया गया, जहाँ उपचार के दौरान रात को आरक्षक की मौत हो गई।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई , तीन आरोपी गिरफ्तार

छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई है जहां भाई ने ही भाई की हत्या की घटना को अंजाम दिया बिजेतला खेत में मिले अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। आए दिन मारपीट और शराब के नशे में परिजनों से वाद विवाद करने के कारण छोटे भाई ने ही अपने भाई की हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने में परिजनों ने भी सहायता की तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

राजनांदगांव पुलिस कंट्रोल रूम में आज प्रेस वार्ता लेकर पुलिस ने अंधे का किया खुलासा, मृतक बेदप्रकाश की हत्या करने के बाद मृतक के शव को बोरी में भरकर कुएं में फेंका गया था,17 मई को मृतक बेदप्रकाश का शव बिजेतला गांव के कुएं में बोरी में बंधा हुआ मिला था।

मृतक आए दिन शराब पीकर घर में वाद विवाद करता था जिससे परेशान होकर छोटे भाई बालमुकुंद ने 15 मई को कुल्हाड़ी से मार कर बड़े भाई बेदप्रकाश को मौत के घाट उतार दिया, हत्या करने के बाद उसकी लाश को कुएं में फेंक दिया।

खून के निशान को मृतक की मां ने साफ किया और बॉडी को कुएं में फेंकने के लिए मृतक के पिता ने आरोपी छोटे भाई का दिया साथ, साक्ष्य छुपाने और हत्या में सहयोग के लिए माता और पिता को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, पारिवारिक विवाद और आए दिन मारपीट की घटना मृतक द्वारा की जाती थी जिससे परेशान होकर उसके छोटे भाई ने ही धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी पूरे मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकराए दो वाहन, एक की मौत, दो गंभीर

कबीरधाम। जिले में रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे एक सड़क हादसे में एक की मौत और दो लोग घायल हो गए हैं। ये हादसा कवर्धा-पोंडी-बोड़ला नेशनल हाईवे के ग्राम सिंघनपूरी के पास हुआ है। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में फोर व्हीलर और बाइक टकरा गई। सबसे पहले बाइक सवार नेतराम धुर्वे का वाहन टकराया। गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। ये पुलिस विभाग में आरक्षक थे। जिसकी पोस्टिंग पांडातराई थाना में थी। इसके कुछ घंटे बाद फिर से इसी ट्रक में एक पुलिस का वाहन टकराया। वाहन में बैठे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक ही ट्रक में अलग-अलग दो बार हादसा हुआ। ट्रक में खराबी आ गई थी। ट्रक में न तो पासिंग लाइट जला रखी थी और न ही इंटीगेटर दे रखा था इस मामले में सिटी कोतवाली कवर्धा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

दो बाइकों की आपस में भिड़त, एक की मौके पर मौत

भाटापारा। बलौदाबाजार भाटापारा के ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में पिता और तीन साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि 16 मई को ग्राम खम्हरिया में बाइक और स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार, सर्किबार गांव के रहने वाले चेतन यादव अपनी तीन साल बेटी रितु यादव के साथ ग्राम खपराड़ीह सगाई समारोह में शामिल होने आये थे। सगाई कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे, तभी खम्हारिया गांव में विपरीत दिशा से तेज रफ्तार बाइक ने सामने टक्कर मार दी। हादसे में चेतन यादव और उनकी तीन साल की बेटी रितु दूर जा गिरे। टक्कर इतनी तेज थी घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

रेल मदद ऐप से मिल रही है यात्रियों को मदद, समस्याओं का हो रहा समाधान

रेल यात्रियों की समस्या निपटने 'रेल मदद' ऐप पर 24×7 टीम कार्यरत

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत रेल मदद एप पर प्राप्त रेल यात्रियों के लगभग समस्याओं शिकायतों का शत-प्रतिशत त्वरित समाधान निदान किया किया जा रहा हैं। डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते हुए रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिये रेलवे के द्वारा 'रेल मदद' नाम से एक ऐप जारी किया है।

रेल मदद एप यात्रियों की शिकायतों को दर्ज कर शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया कराता है । यात्री को इस ऐप पर रजिस्टेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी भी एसएमएस द्वारा दी जाती है ।

रेल मदद ऐप द्वारा रायपुर रेल मंडल में त्वरित समस्याओं शिकायतों का निदान किया जा रहा है रायपुर रेल मंडल को प्राप्त होने वाली शिकायतों सुझाव पर यात्रियों से बेहतरीन फीडबैक रिमार्क्स मिल रहे हैं । रायपुर रेल मंडल के कमर्शियल कंट्रोल रूम में रेल मदद सुचारू रूप से 24 ङ्क 7 संचालित रहती है पुरी टीम जनता के साथ सभी सुझाव/शिकायतों पर त्वरित जानकारी एकत्रित कर संबंधित यात्रियों को उपलब्ध कराती है एवं उनकी समस्या का निवारण करती है रायपुर रेल मंडल का रेल मदद यात्रियों को हर संभावित मदद पहुंचाने का प्रयास कर रही है उसी के प्रतिफल स्वरूप यात्रियों के द्वारा प्रशंसनीय फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं।विभिन्न तरह की शिकायतों एवं सुझावों पर एक्सीलेंट रेटिंग एवं रेलवे के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की जा रही है।

यात्रियों को भरपूर मदद पहुंचाने किया जाता है प्रयास

रेल मदद द्वारा यात्रियों को भरपूर मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है रेल यात्रियों द्वारा रेलवे की प्रशंसा की जा रही है रेलवे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है वहीं कुछ अन्य यात्रियों द्वारा अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसमें रेलवे की टीम का महत्वपूर्ण समय भी व्यर्थ हो रहा है वहीं इसी समय को किसी अन्य जरूरतमंद यात्री की मदद के लिए उपयोग किया जा सकता है रेल प्रशासन चाहता है कि यात्री रेल मदद सुविधा का उचित एवं आवश्यकता अनुरूप लाभ से हर आवश्यकमंद यात्री लाभान्वित हो सके। पूर्व में रेलवे के द्वारा जितनी भी हेल्पलाईन नंबर इस्तेमाल में थी उन सभी को 'रेल मदद एप में समाहित की गई है। हेल्पलाईन नंबर 139 पर भी काल करने से 'रेल मदद'द्वारा यात्रियों की समस्याओं का निराकरण किए जा रहे है।

रेलमदद का दुरुपयोग न करने की अपील

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान रेलवे से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं व शिकायतों के निदान के लिए रेलवे द्वारा जारी किए गए इस ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करें कई बार रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ यात्री अनावश्यक रूप से रेल मदद का दुरुपयोग कर रहे हैं ऐसी ही हाल में एक घटना घटित हुई स्पेशल ट्रेन नंबर 07051हैदराबाद रक्सौल स्पेशल ट्रेन में द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच में यात्रा कर रहे यात्री ने दिनांक 12 मई 2024 को रेल मदद के जरिए रेल मदद से भोजन की आवश्यकता जाहिर की जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए दुर्ग स्टेशन पर अमर फुटाने उप स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य दुर्ग ने यात्री को उनकी बर्थ पर भोजन उपलब्ध कराया यात्री द्वारा भोजन की फ्री में मांग की गई उन्होंने खाने का पेमेंट कर खाना लेने से मना कर दिया। यात्रियों से अनुरोध है कि अनावश्यक रूप से रेल मदद का दुरुपयोग ना करें आवश्यकता होने पर रेल मदद का उपयोग करें यात्रियों से अनुरोध है कि रेल मदद का उपयोग जिम्मेदार यात्री बन कर करें।

रेल मदद ऐप की यह हैं खास बातें

- रेल मदद में फोटोग्राफभेजने की सुविधा है जिससे कि शिकायत की वास्तविक स्थिति का आंकलन जल्द हो जाता है।
- रेल मदद ऐप शिकायतों की जानकारी को दर्ज कर शिकायत संख्या जारी करता है।
- रेल मदद ऐप शिकायत की जानकारी को डिवीजन के फील्ड अधिकारियों को उपलब्ध कराता है।
- शिकायत के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी SMS के माध्यम से शिकायतकर्ता को पहुंचाता है।
- रेल मदद ऐप विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं (जैसे, सुरक्षा, बाल सहायता सेवा इत्यादि) के नंबर बताता है।

खास - खबर

कुर्मी समाज के जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए 10 हजार रु. दिए

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुजरा में जीतेश कुमारवर्मा ने अपनी पुत्री अनन्या वर्मा के जन्म और अपने पिता स्व. तुलसी राम वर्मा की स्मृति मेंसमाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए 10 हजार रुपए समाज को प्रदान किए। इससे जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी, पढ़ाई में सहयोग किया जाएगा। जीतेश ने चेक कुर्मी समाज के राज प्रधान युगल किशोर आडिल को सौंपा। जीतेश पाटन जनपद में लिपिक है। उन्होंने मनवा कुर्मी समाज में कार्यकारिणी सदस्य रहते हुए कई जरूरतमंद परिवार की बेटियों की शादी, शोक संतप्त परिवार और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग दिया है। सदस्यों ने इस पहल पर जीतेश वर्मा का सम्मान किया। विपिन बंछोर, अभिषेक वर्मा, केदार कश्यप, दानेश्वरवर्मा, सुनील वर्मा, संतोष वर्मा, रिंकू, काजल वर्मा उपस्थित थे।

सीबीएसईः 10वीं व 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 जुलाई से

भिलाई। सीबीएसई बोर्ड ने 10 वीं में 1.32 लाख और 12वीं में 1.22 लाख विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री परीक्षा की श्रेणी में रखा है। जो छात्र अपने सीबीएसई 10वीं, 12वीं रिजल्ट से असंतुष्ट है, वे सीबीएसई सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई से किया जाएगा। 12वीं के छात्र एक विषय और 10वीं के छात्र दो विषय में परीक्षा दे सकेंगे। 12वीं कक्षा के विद्यार्थी को एक विषय में पूरक परीक्षा के जरिए अपने मार्क्स में सुधार करने का मौका दिया जाएगा। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दो विषयों में यह मौका मिलेगा। तीन श्रेणियों के छात्र पूरक परीक्षा देने की अर्हता रखते हैं। पहली श्रेणी में 10वीं कक्षा के वे छात्र हैं जो दो विषयों में पास नहीं हो सके हैं। 12वीं के एक विषय में पास नहीं होने वाले छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा है। दूसरी श्रेणी में वे हैं जिन्हें 6वें और 7वें विषय के आधार पर उत्तीर्ण घोषित किया गया है। तीसरी श्रेणी में अपने प्रदर्शन में सुधार चाहने वाले छात्र हैं।

चौहान ग्रीन वैली में पानी पर बवाल के बाद पहुंचे विधायक रिकेश, समाधान करने लोगों को दिया आश्वासन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। जुनवानी स्थित चौहान ग्रीन वैली में पानी पर बवाल मचने के बाद स्थानीय विधायक रिकेश सेन रविवार को लोगों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से बात की और पानी की समस्या का समाधान कैसे हो सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी। सोसायटी के लोगों ने विधायक रिकेश के सामने अपनी समस्या रखी और जल्द समाधान किए जाने की मांग की। इस दौरान रिकेश सेन ने निगम की पाइप लाइन से सोसायटी में पानी सप्लाई का आश्वासन दिया।

बता दें एक शनिवार को चौहान ग्रीन वैली में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था। लोगों ने सोसायटी प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोला और मटकी फोड़कर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि बीते डेढ़ माह से यहां लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। सोसायटी में मेंटेनेंस के नाम पर हर माह 900 से 1000 रुपए लिए जाने के बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं है। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई घंटों तक सोसायटी में हंगामा होता रहा।

विधायक ने कहा सभी को मिलेगा पानी

लोगों के प्रदर्शन के बाद विधायक रिकेश सेन इस समस्या को संज्ञान में लिया और रविवार को लोगों के बीच पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि सोसायटी में मौजूद सभी घरों को पानी मिलेगा। भिलाई की पाइपलाइन से यहां पानी सप्लाई की जाएगी। सोसायटी में रहने वाले वे सभी जो भिलाई निगम के दायरे में आते हैं और वे सालाना टैक्स पटा रहे हैं वे 6000 रुपए के साथ विधिवत आवेदन कर नल कनेक्शन ले सकते हैं। इसका हर माह 250 से 300 रुपए औसतन बिल आता है जो कि सभी अफोर्ड कर सकते हैं। विधायक रिकेश सेन ने यह भी कहा कि सोसायटी वाले सभी लोग प्रक्रिया शुरू कर दें तो एक साल के भीतर लोगों को नल कनेक्शन मिल जाएंगे।

चौहान ग्रीनवेली में कालोनी प्रबंधन करता है जलापूर्ति : जोन आयुक्त

चौहान ग्रीनवेली जुनवानी कालोनाइजर द्वारा विकसित कालोनी है जहाँ जल आपूर्ति कालोनी प्रबंधन द्वारा किया जाता है । कालोनाइजर द्वारा ग्रीनवेली में निगम से पेयजल आपूर्ति के लिए कनेक्शन नही लिया गया है। भिलाई निगम जोन आयुक्त जोन 1 नेहरूनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि चौहान ग्रीनवेली कालोनी जुनवानी में कालोनाइजर चौहान हाऊसिंग प्रा.लिमिटेड द्वारा मकान का निर्माण कर रहवासियों को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त कालोनी नगर पालिक निगम भिलाई को हस्तांतरित नही हुआ है। कालोनी में रहने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधा पानी,बिजली, साफ-सफाई, सडक,सिवरेज की सुविधा उपलब्ध कराना कालोनाइजर की पूर्ण जिम्मेदारी है। कालोनाइजर द्वारा वर्तमान में चौहान ग्रीनवेली में पेय जल आपूर्ति हेतु नल संयोजन नगर निगम से नही लिया गया है। कालोनाइजर द्वारा कालोनी के मकानो में सम्पवेल के पानी को पावर पम्प से सप्लाई किया जाता है। कालोनाइजर के माँग पर निगम द्वारा शुल्क लेकर टेंकर से कालोनी में जल प्रदाय किया जाता है। चौहान ग्रीनवेली कालोनी में पेयजल संकट की जानकारी निगम के अधिकारियों के संज्ञान में आने पर मौका निरीक्षण किया गया और मौके पर देखा कि कालोनी में जलापूर्ति की व्यवस्था बाधित पाई गई नागरिकों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रख कर निगम प्रशासन द्वारा तत्काल कालोनी में टेंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की गई।

वाहन चालको में हेलमेट एवं सिल्ट बेल्ट लगाने दुर्ग पुलिस चला रही फॉलो गुड हेबिटस अभियान

फॉलो गुड हेबिटस कैंपेन को मिल रहा लोगों का साथ, 350 वाहन चलकों ने हेलमेट व सीटबेल्ट के साथ सेंड की तस्वीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वाहन चालको में हेलमेट एवं सिल्ट बेल्ट लगाने दुर्ग पुलिस द्वारा इन दिनों फॉलो गुड हेबिटस अभियान 21 डे चैलेंज चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस के इस अभियान को आम लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को यातायात विभाग द्वारा भीड़ वाले स्थानों पर लोगों को बैनर पोस्टर के जरिए जागरुक किया गया है।

यातायात विभाग के अभियान से प्रभावित होकर 350 लोगों ने हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग कर फोटो व वीडियो यातायात हेल्प नंबर 94791-92029 में सेंड किया है। बता दें एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर वाहन चालको को वाहन चालन के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने जागरूक करने निर्देश दिये गये। इसके बाद यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत 21डे चैलेंज की जानकारी यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है। दुर्ग पुलिस की इस मुहीम को आम नागरिको के द्वारा लाभदायक बताते हुये प्रसंशा की जा रही है। 350 वाहन चालको द्वारा 21 डे चैलेंज स्वीकार कर हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर अपना फोटो यातायात हेल्प नंबर 94791-92029 में साझा किया गया जा रहा है। अच्छी आदतो का 21 दिनो तक अपने में सुमार करे जिससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकें। रविवार को उक्त अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक सतीष ठाकुर एवं समस्त थाना प्रभारी तथा यातायात जोन प्रभारी द्वारा रविवार को सूर्या मॉल, ठगडा बांध, सिविक सेंटर एवं बडे तरिया में परिवार के साथ घुमने आने वाले आम नागरिको को तथा समस्त थाना क्षेत्र में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिड का अभियान के तहत बैनर पोस्टर एव पॉम्प्लेट के माध्यम से 21 डे चैलेंज से अवगत कराया।

यदि आप 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार हो जायेगा इसके पश्चात आप बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं असुरक्षित एवं असुविधाजनक महसूस होता है और आपके अंदर एक अच्छी आदत सुमार हो जाती है यातायात पुलिस की मुहीम को आम नागरिको के द्वारा वाहन चालकों के लिए लाभदायक बताते हुए दुर्ग पुलिस की प्रसंशा की जा रही है।

ग्राम बिरेभाट में आबकारी विभाग की दबिश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। ग्राम बिरेभाट में अवैध रूप से मदिरा विक्रय का शिकायत प्राप्त होने पर सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल द्वारा प्राप्त शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग के वृत्त दुर्ग आंतरिक उत्तर के अंतर्गत ग्राम बिरेभाट में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर मय स्टॉफ द्वारा 18 मई 2024 को तड़के सुबह दबिश दी गई। जिसमें आरोपी अजय नौरंगे पिता दिलीप नौरंगे के कब्जे से 50 नग पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 9 बल्क लीटर तथा बाजार मूल्य 5500 रूपये है, जप्त किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) तहत प्रकरण कायम किया गया।

आरोपिया पार्वती नौरंगे पति दिलीप नौरंगे के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 3.24 बल्क लीटर एवं बाजार मूल्य 1980 रूपये है, जप्त किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। उक्त प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती निर्मला ठाकुर, धीरज कन्नौजिया, भोजराज रत्नाकर आबकारी आरक्षक लोकनाथ इंदौरिया, संदीप तिर्की ड्राईवर नोहर एवं दुर्गा साहू का सहयोग रहा।

समर कैंप का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुंदा विकासखंड-धमधा, जिला- दुर्ग में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को प्रातः योगा अभ्यास से शुरुआत करते हुए विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की गई जिसमें बच्चों को मेहंदी लगाना,राखी बनाना, ड्राइंग पेंटिंग इत्यादि सिखाया गया।

साथ ही साथ उनके जर्नल नॉलेज को बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया प्रधान पाठक श्रीमती निरूपा साहू के उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षक शिक्षिकाएं श्रीमती उर्मिला वर्मा, श्रीमती उर्मिला ठाकुर, श्रीमती विजया श्रीवास, श्रीमती शीतल चौहान एवं त्रिलोक चौधरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिसमे बच्चों की उपस्थिति उत्साह जनक रही।

पावर कॉर्पोरेशन के तर्ज पर बीएसपी कर्मियों को भी रात्रि पाली का भत्ता मिले : बीएकेएस

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी कर्मचारियों को भी पावर ग्रिड की तर्ज पर नाइट शिफ्ट अलाउंस दिया जाए। इसके साथ ही एरियर भुगतान करने की मांग को लेकर बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने डायरेक्टर सेल, इस्पात सचिव और मुख्य श्रम आयुक्त को पत्र लिखा है।

पत्र में बताया गया कि रात्रि पाली में कार्यरत कार्मिकों को मिलने वाले भत्ते पर केंद्र सरकार से लेकर अधिकतर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने गाइड लाइन बनाई है तथा उसका सर्कुलर भी जारी किया है। सेल और इसकी सभी इकाइयों में रात्री पाली भत्ता 2009 से संशोधित ही नही हुआ है।

सेल की सभी इकाइयों में कार्यरत कार्मिकों को अभी भी 90 रुपए रात्रि पाली भत्ता भुगतान किया जा रहा है। यह एक तरह से कार्मिकों का आर्थिक शोषण है। चिकित्सकों के अनुसार रात्री पाली का दुष्प्रभावों को कम करने का लिए कार्मिकों को ड्राई फ्रुट्स, ताजा फल, दूध आदि का सेवन करना चाहिए। जिससे शरीर में जरूरी विटामिन तथा मिनरल्स की आपूर्ति होती रहे। मात्र 90 रुपए में ऐसे महंगे खाद्य सामग्री जुटाना संभव नही है।

केंद्र सरकार तथा विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधनों ने 2017-18 में ही रात्रि पाली भत्ता को संशोधित कर दिया है। सेल प्रबंधन, गैर निर्वाचित यूनियन नेताओं की बहुमत वाली बगैर निबंधित तथा गैर वैधानिक संस्था एनजेसीएस मीटिंग का नाम पर पिछले 89 माह से रात्रि पाली भत्ता पर निर्णय नही कर पाई है।

कई कंपनियों में भत्ता की जगह रिप्रेशमेंट अलाउंस पावरग्रीड, एनटीपीसी, नालको, एनएमडीसी, ओएनजीसी , इंडियन ऑयल , आईओसीएल आदि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों मे रात्री पाली भत्ता लगभग 2018 से ही 300-610 प्रति रात्रि की दर से भुगतान किया जा रहा है। कई सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में रात्रि पाली भत्ता की जगह रिप्रेशमेंट अलाउंस दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950